# Hindi

## Grade 9+

## Extended Programme

## Textbook

## कक्षा ९+

## एक्स्टेंडेड प्रोग्राम

## हिंदी पाठ्यपुस्तक

MINISTRY OF EDUCATION, TERTIARY EDUCATION
SCIENCE and TECHNOLOGY
in collaboration with
MAHATMA GANDHI INSTITUTE
Republic of Mauritius
2021

## OVERALL COORDINATOR

**Dr. B. Ahmad. A. Ramtally**
Associate Professor &
Head, School of Indian Studies
Mahatma Gandhi Institute

## HINDI PANEL COORDINATOR

**Dr Krishna Kr. Jha**
Senior Lecturer & Head Department of Creative Writing & Publication
Mahatma Gandhi Institute

## HINDI PANEL MEMBERS

**Dr Alka Dunputh**
Senior Lecturer, Department of Hindi Studies
Mahatma Gandhi Institute

**Mr Neermul Premchand**
Secondary School Educator
Private Secondary Education Authority

**Mrs Atmada Soowamber**
Secondary School Educator
Ministry of Education,
Tertiary Education,Science and Technology

**Mrs Madhavi Devi Sungkur Beeharry**
Secondary School Educator
Ministry of Education,
Tertiary Education,Science and Technology

**Mrs Rajluxmi Rosunee**
Secondary School Educator
Private Secondary Education Authority

## WORD PROCESSING

**Mr Vivek Binda**
Secondary School Educator
Ministry of Education,
Tertiary Education,Science and Technology

## GRAPHIC DESIGNER

**Miss Nivedita Ramlowat**
Page Layout, Illustrations & Design

## ACKNOWLEDGEMENT

**Mrs Sooryakanti Nirsimloo Gayan, G.O.S.K**
Director General, MGI & RTI

**Dr (Mrs) Veedotma Koonjal**
Director, MGI

## VETTING TEAM

**Mr Gangadharsing Gulshan Sooklall**
Senior Lecturer, Department of Hindi Studies
Mahatma Gandhi Institute

**Dr Laxmi Jhummun**
Lecturer, Department of Hindi Studies
Mahatma Gandhi Institute

## QUALITY ASSURANCE TEAM

**Dr Jeevendiren Chemen**
Associate Professor & Head,
Centre for Quality Assurance,
Mahatma Gandhi Institute

**Dr (Mrs) Preeti Kiran Hemraz Hurdoyal**
Hindi Educator
MGSS, Flacq

**Mrs Leena Ramduth**
Lecturer/Head, Department of Design and Communication
Mahatma Gandhi Institute

**Mrs Cassandra Appadoo Naidu**
English Educator
MGSS, Solferino

# प्राक्कथन

प्रस्तुत पाठ्यपुस्तक राष्ट्रीय पाठ्यक्रम-ढाँचे के अंतर्गत कक्षा-9+ के एक्सटेंडेड छात्रों के लिए प्रकाशित की गई है। आशा है यह पाठ्यपुस्तक एक्सटेंडेड छात्रों के लिए भाषा-शिक्षण की दिशा में सहायक सिद्ध होगी और उन्हें राष्ट्रीय परीक्षा के अनुरूप मुख्य-धारा के छात्रों के साथ सम्मिलित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह पुस्तक मूल रूप से ग्रेड 9 + की N.C.E परीक्षा को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

प्रस्तुत पाठ्यपुस्तक में दस पाठ हैं। सभी पाठ ग्रेड 9 की मूल पाठ्यपुस्तक से ही लिए गए हैं। यह पुस्तक छात्रों के लिए NCE परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ उनमें भाषा-कौशल सीखने एवं अभ्यास कार्य के पर्याप्त अवसर प्रदान करती है। पुस्तक के अंत में वर्णमाला एवं बारहखड़ी दिए गए हैं ताकि बच्चे अक्षरों को ठीक से पहचान और बोल सके और बारहखड़ी के अनुरूप भाषा-प्रयोग को आसानी से सीख सकें।

ग्रेड 9 की मूल पाठ्यपुस्तक के अनुरूप इसमें अलग से शब्दार्थ और विशेष व्याकरणिक प्रयोग को न देने का उद्देश्य यह है कि सभी पाठों को सरल शब्दों के द्वारा बहुत ही आसान रखने का प्रयत्न किया गया है। फिर भी जहाँ हमें लगा कि कुछ शब्द बच्चों के लिए कठिन हैं, उन्हें अनुवाद पर आधारित कार्यों के अंतर्गत रख दिया गया है। इस पुस्तक में प्रत्यक्ष रूप से मुहावरों, अपने शब्दों में वाक्य-प्रयोगों आदि पर आधारित कार्यों के न होते हुए भी बच्चों को इनसे अनभिज्ञ नहीं रखा गया है।

विभिन्न पाठों की प्रस्तुति में द्वितीय भाषा-शिक्षण के सिद्धांतों एवं शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को ध्यान में रखा गया है। विशेष रूप से एक्सटेंडेड छात्रों के लिए शिक्षण-अधिगम को हर संभव सुगम बनाने के उद्देश्य से ही पाठ्य सामग्रियों का चयन किया गया है। इन बच्चों के लिए विशेषकर चित्रों के प्रयोग एवं सहायक शिक्षण-अधिगम को प्रमुखता दी गई है। ऐसी किसी भी साहित्यिक विधा तथा प्रश्नों का समावेश नहीं किया गया है, जो बच्चों के लिए कठिन सिद्ध हो। बहुवैकल्पिक प्रश्न, आमंत्रण पत्र, ई-मेल, पोस्टर, विज्ञापन, क्लोज़ टेस्ट, अनुवाद आदि पर आधारित उन्हीं प्रश्नों को रखे गए हैं, जो MES द्वारा NCE परीक्षा हेतु प्रस्तावित हैं। NCE परीक्षा को ही ध्यान में रखते हुए MES द्वारा निर्मित NCE मॉडल प्रश्न पत्र के अनुरूप तीन मॉडल प्रश्न-पत्रों को इस पुस्तक में सम्मिलित किए गए हैं ताकि बच्चे परीक्षा के लिए अधिक-से-अधिक अभ्यास और तैयारी कर सकें।

इस पुस्तक में शब्द-चयन के अंतर्गत मूलतः हिंदी के मानकीकृत रूप को ही ध्यान में रखा गया है ताकि

भाषा सीखने में बच्चों को किसी भी तरह की कठिनाई न हो। टंकण की समस्या के कारण पाठ्यपुस्तक में कुछ हिंदी शब्दों के नवीन मानकीकृत रूप नहीं दिए जा सके हैं। इन्हें अंत में प्राचीन और नवीन वर्तनी के परिवर्तित रूप में दिए जा रहे हैं जिन्हें शिक्षक की सहायता से छात्रों को आसानी से समझाया जा सकता है। अधुनातन हिंदी भाषा-शिक्षण मे शिक्षकों को हिंदी के नए मानकीकृत रूप के प्रयोग की सलाह दी जाती है। रचनात्मक एवं संप्रेषणात्मक शिक्षण पर बल देने के लिए इस पुस्तक में बच्चों के लिए सहायक शिक्षण-विधि, चित्र-आधारित लेखन और बोलचाल को ही उपयुक्त समझा गया है। संपूर्ण पाठ भाषाई कौशल-क्षमता की वृद्धि और नैतिक-मूल्यों के विकास को प्रोत्साहन देता है।

इस पाठ्यपुस्तक के निर्माण में अपने समन्वय मंडल के सभी सदस्यों के प्रति मैं कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ, जिनके सहयोग से ही यह कार्य पूर्ण हो सका है। मैं महात्मा गाँधी संस्थान के प्रबंधन तथा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मार्ग-दर्शन करनेवाले अपने सहयोगी मित्रों के प्रति भी आभार प्रकट करना अपना कर्तव्य समझता हूँ।

आशा है भाषा-शिक्षण की दिशा में हमारे इस प्रयास के अतिरिक्त सभी शिक्षकों के सकारात्मक प्रयास, मेहनत और लगन से एक्सटेंडेड छात्रों की चुनौती को संभवतः दूर किया जा सकेगा। आप सभी के सुझाव और दिशा-निर्देश का सदा स्वागत रहेगा।

**डॉ० कृष्ण कुमार झा**
**वरिष्ठ प्राध्यापक एवं समन्वयक**
**माध्यमिक हिंदी पाठ्यपुस्तक मंडल**

# हम होंगे कामयाब

होंगे कामयाब, होंगे कामयाब
हम होंगे कामयाब एक दिन
हो-हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
हम होंगे कामयाब एक दिन

होंगी शांति चारों ओर
होंगी शांति चारों ओर
होंगी शांति चारों ओर एक दिन
हो-हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
होंगी शांति चारों ओर एक दिन



हम चलेंगे साथ-साथ
डाल हाथों में हाथ
हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन
हो-हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन

नहीं डर किसी का आज
नहीं भय किसी का आज
नहीं डर किसी का आज के दिन
हो-हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
नहीं डर किसी का आज के दिन
हम होंगे कामयाब एक दिन

\- गिरिजाकुमार माथुर

# पाठ - क्रम


| पाठ | पृष्ठ |
|---|---|
| 1. श्रम का मूल्य | 1 - 10 |
| 2. हमारा टापू हमारी शान | 11 - 19 |
| 3. गाँव की बेटी | 20 - 25 |
| मॉडल प्रश्न पत्र - 1 | 27 - 37 |
| 4. तूफ़ान थम गया | 38 - 45 |
| 5. स्वागत नव वर्ष | 46 - 53 |
| 6. सतत विकास की ओर बढ़ते कदम | 54 - 63 |
| 7. हिंद महासागरीय टापू खेल | 64 - 74 |
| मॉडल प्रश्न पत्र - 2 | 76 - 86 |
| 8. 'सोफ़िया' से एक भेंट | 87 - 96 |
| 9. संगीत का जादू | 97 - 105 |
| 10. सपना सच हुआ | 106 - 113 |
| मॉडल प्रश्न पत्र - 3 | 115 - 125 |
| • मानक वर्तनी के पुराने तथा नए रूप के कुछ उदाहरण | 126 - 127 |
| • हिन्दी के संख्यावाचक शब्द | 128 |
| • हिंदी वर्णमाला | 129 |
| • हिंदी की बारहखड़ी | 130 - 131 |
| • हिंदी महीनों के नाम | 132 |


# 1. श्रम का मूल्य

**शिक्षण-संकेत**

विलोम, बहुवचन, वर्तमानकाल, अनुवाद कार्य, खाली जगहों की पूर्ति, संवाद-लेखन, संप्रेषण-कौशल।

**मूल्य-बोध**

जीवन में श्रम का महत्व, आलस्य का दुष्परिणाम, सत्संगति का प्रभाव, परिश्रम पर बल।






श्रवण और भावेश दो अच्छे मित्र हैं। वे एक ही कॉलेज में पढ़ते हैं। शाम को दोनों साथ-साथ मैदान में गेंद खेलने जाते हैं। श्रवण मन लगाकर पढ़ता है। वह खेलकूद में भी भाग लेता है। वह हमेशा अपने दोस्तों की सहायता करता है। घर के कामों में भी वह हाथ बँटाता है। सोने से पहले उसे दादी से बातचीत करना और कहानियाँ सुनना पसंद है। वह सबकी आँख का तारा है।

भावेश का मन पढ़ाई में नहीं लगता है। वह अधिकतर समय मोबाइल के साथ खेलता है। श्रवण उसे बहुत समझाता है परंतु भावेश उसकी बातों पर ध्यान नहीं देता है। वह बुरी संगति में पड़ जाता है।

परीक्षाएँ सर पर हैं। श्रवण दिन-रात मेहनत करता है। उधर भावेश को परीक्षा का डर सताने लगता है। वह भी जैसे-तैसे तैयारियों में लग जाता है। परीक्षा फल मिलता है। श्रवण सफल होता है लेकिन भावेश असफल हो जाता है। सच में परिश्रम का फल मीठा होता है।

## 1. (अ) सही उत्तर चुनिए।

(क) श्रवण और भावेश कहाँ पढ़ते हैं ?

(i) स्कूल में (ii) कॉलेज में (iii) बैठका में (iv) विश्वविद्यालय में

(ख) श्रवण और भावेश कब गेंद खेलते हैं ?

(i) सुबह (ii) दोपहर में (iii) रात को (iv) शाम को

(ग) कौन खेलकूद में भाग लेता है ?

(i) श्रवण (ii) भावेश (iii) मित्र (iv) श्रवण और भावेश

(घ) भावेश अधिकतर समय किससे खेलता है ?

(i) मोबाइल (ii) गेंद (iii) खिलौने (iv) प्ले-स्टेशन

(ङ) परिश्रम का फल कैसा होता है ?

(i) खट्टा (ii) मीठा (iii) कड़वा (iv) नमकीन

## 1.(आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखिए।

(क) श्रवण किसकी सहायता करता है ?

(ख) 'वह सब की आँख का तारा है।' इस वाक्य का क्या अर्थ है ?

(ग) सोने से पहले श्रवण क्या करता है ?

(घ) परीक्षा में कौन सफल और कौन असफल होता है ?

(ङ) इस पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

## 2. निर्देशानुसार सही विकल्प पर ☑ लगाइए।

(क) "रमेश कहाँ रहता है ......." वाक्य के अंत में लगने वाला उचित विराम चिह्न चुनिए।

☐ ।　　☐ ?　　☐ ,　　☐ ;

(ख) 'छात्र कॉलेज जाता है।' यह वाक्य किस काल में है ?

☐ सामान्य वर्तमान　　☐ भूत　　☐ भविष्यत　　☐ अपूर्ण वर्तमान

(ग) संज्ञा शब्द को पहचानिए।

☐ तू　　☐ आप　　☐ मित्र　　☐ वह

(घ) 'परिश्रमी' शब्द का पर्यायवाची बताइए।

☐ आलसी　　☐ अच्छी　　☐ मेहनती　　☐ बुरी

(ङ) 'श्रवण सबका हाथ बँटाता है।' वाक्य में ' हाथ बँटाना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

☐ बाँटना　　☐ मदद करना　　☐ हाथ फैलाना　　☐ हाथ मिलाना

(च) 'कहानियाँ' शब्द का लिंग और वचन पहचानिए।

☐ पुल्लिंग एकवचन　　☐ पुल्लिंग बहुवचन　　☐ स्त्रीलिंग एकवचन　　☐ स्त्रीलिंग बहुवचन

## 3. कोष्ठक में दिए गए शब्दों का विलोम पाठ से चुनकर लिखिए।

**उदाहरण :** वे दोनों **शाम** को गेंद खेलते हैं। (सुबह)

(क) छोटे बच्चे .................... खेलते हैं । (अलग-अलग )

(ख) मेरा बड़ा भाई बहुत .................... है। (बुरा)

(ग) राज परीक्षा में .................... होता है। (असफल)

(घ) जीवन में .................... ही आगे बढ़ता है। (आलसी)

(ङ) मैं हिंदी फ़िल्में देखना .................... करता हूँ। (नापसंद)

## 4.(अ) निम्नलिखित पुल्लिंग संज्ञा शब्दों का बहुवचन लिखिए।

| अकारांत पुल्लिंग शब्द | |
|---|---|
| **एकवचन** | **बहुवचन** |
| मित्र | **मित्र** |
| गेंद | |
| मैदान | |
| दोस्त | |
| घर | |
| फल | |

## 4.(आ) निम्नलिखित स्त्रीलिंग शब्दों का बहुवचन लिखिए।

| अकारांत स्त्रीलिंग | |
|---|---|
| **एकवचन** | **बहुवचन** |
| आँख | आँखें |
| बात | |
| रात | |
| बस | |
| मेज़ | |
| पुस्तक | |

| ईकारांत स्त्रीलिंग | |
|---|---|
| **एकवचन** | **बहुवचन** |
| कहानी | कहानियाँ |
| तैयारी | |
| सहेली | |
| लकड़ी | |
| डाली | |
| इमली | |

## 5. क्रियाओं को वर्तमान काल में लिखकर वाक्य पूरा कीजिए।

| वाक्य | क्रिया | सामान्य वर्तमान काल | अपूर्ण वर्तमान काल |
|---|---|---|---|
| **(क) माँ पूजा ...** | **करना** | **करती है।** | **कर रही है।** |
| (ख) रमेश केला ... | खाना | | |
| (ग) लड़की दूध ... | पीना | | |
| (घ) चाचाजी बगीचे से एक आम ... | तोड़ना | | |
| (ङ) दादीजी कहानी ... | सुनाना | | |
| (च) यह छात्र बहुत पुस्तकें ... | पढ़ना | | |

## 6.(अ) निम्नलिखित हिंदी-अंग्रेज़ी वाक्यों का मिलान कीजिए।

| हिंदी | अंग्रेज़ी |
|---|---|
| **मैं पुस्तकें पढ़ना पसंद करता हूँ।** | This fruit is sweet. |
| पढ़ना एक अच्छी आदत है। | Today we are very happy. |
| यह फल मीठा है। | Ravi is my true friend. |
| बाग में सुंदर फूल हैं। | **I like reading books.** |
| आज हम बहुत खुश हैं। | Reading is a good habit. |
| रवि मेरा सच्चा मित्र है। | There are beautiful flowers in the garden. |

## 6.(आ) निम्नलिखित अंग्रेज़ी-हिंदी वाक्यों का मिलान कीजिए।

| अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|
| **We take a balanced diet everyday.** | हम प्रतिदिन फल खाते हैं। |
| We eat green vegetables. | हमें बहुत पानी पीना चाहिए। |
| We eat fruits everyday. | हम स्वस्थ रहते हैं। |
| We do exercises. | **हम प्रतिदिन संतुलित भोजन करते हैं।** |
| We need to drink lots of water. | हम व्यायाम करते हैं। |
| We stay healthy. | हम हरी सब्ज़ियाँ खाते हैं। |

## 7. दिए गए शब्दों से खाली जगहों की पूर्ति कीजिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **लैगून** | टापू | तैरना | प्रगति | समुद्र |
| जल-जंतु | सुंदर | पर्यटक | मॉरीशस | सफ़ाई |

**लैगून** .......... समुद्र के छिछले भाग को कहते हैं, जो अधिक गहरा नहीं होता है। हमारा देश .................... हिंद महासागर में स्थित है। यह एक छोटा .................... है। यह .................... से घिरा हुआ है। इसके चारों ओर के लैगून खूब .................... दिखते हैं। इन लैगूनों में अनेक प्रकार के ...................., शंख, सीपियाँ और कौड़ियाँ पाए जाते हैं। हर साल मॉरीशस में बहुत .................... आते हैं। वे लैगूनों में .................... और खेलना पसंद करते हैं। मॉरीशस की सरकार लैगूनों की .................... पर बहुत ध्यान दे रही है। हमारा देश खूब .................... कर रहा है। संसार भर में हमारे लैगून खूब लोकप्रिय हैं।

## 8. निम्नलिखित पाठ को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

आज हमारे लैगूनों की स्थिति खराब हो रही है। समुद्र किनारे होटल बन रहे हैं। इससे हमारे लैगूनों को बहुत हानि हो रही है। देश के कई कारखाने अपना गंदा पानी नदी-नाले में फेंकते हैं। पानी के ज़हरीले पदार्थ जब सागर में मिलते हैं तो लैगून भी दूषित हो जाते हैं। समुद्र की सफ़ाई पर विशेष बल दिया जा रहा है। लैगूनों की सुरक्षा के लिए सरकार ने कड़े कानून लागू किए हैं। कई नियम भी बनाए गए हैं, जैसे केवल मार्च से सितंबर महीने के दौरान ही सुबह से शाम छह बजे के बीच जाल से मछली पकड़ने की अनुमति है। इससे समुद्री जीव-जंतुओं की रक्षा होती है। लैगूनों से रेत निकालना अपराध है। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने लैगूनों को साफ़ और सुंदर बनाए रखें।

(क) समुद्र किनारे क्या बनाया जा रहा है ?

(ख) कारखानों का मैला पानी कहाँ जाता है ?

(ग) किस प्रकार से लैगून दूषित होता है ?

(घ) सरकार ने लैगूनों की सुरक्षा के लिए क्या नियम बनाए हैं ?

(ङ) लैगूनों के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है ?

## 9. निम्नलिखित संवाद को पूरा कीजिए।

अध्यापक : कल तुम कॉलेज नहीं आए थे ?

छात्र : गुरुजी ! कल मैं ..........................................................।

अध्यापक : तुम्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए संतुलित भोजन आवश्यक है। तुम नाश्ते में क्या लेते हो ?

छात्र : मैं नाश्ते में ..................................................................।

अध्यापक : अच्छी बात है। क्या तुम व्यायाम करते हो ?

छात्र : ...............................................................................।

अध्यापक : रोज़ कम से कम 15 मिनट व्यायाम करना आवश्यक है। इसके बहुत लाभ हैं।

छात्र : जी गुरुजी, पर मुझे समय ही नहीं मिलता है।

अध्यापक : खेलने के लिए भी नहीं ?

छात्र : खेलने के लिए तो समय मिलता है।

अध्यापक : खेलना भी एक तरह का व्यायाम है। क्या तुम्हें पता है कि व्यायाम के अनेक रूप हैं,जैसे गेंद खेलना, ..............................................

..................................................................................

...............................।

छात्र : यह तो कमाल है ! व्यायाम से मन भी बहल जाता है।

अध्यापक : हाँ, शरीर स्वस्थ और मन खुश रहता है। पढ़ाई में भी मन लगता है।

छात्र : धन्यवाद गुरुजी। मैं प्रतिदिन व्यायाम करूँगा।

## 10. पढ़िए और समझिए : संज्ञा (कर्ता) → क्रिया

| पुल्लिंग | |
|---|---|
| **कर्ता (एकवचन) →क्रिया (एकवचन)** | **कर्ता (बहुवचन) → क्रिया (बहुवचन)** |
| **घोड़ा** मैदान में दौड़ता है। | **घोड़े** मैदान में दौड़ते हैं। |
| **राहुल** गेंद खेलता है। | **राहुल** और **रवि** गेंद खेलते हैं। |
| **बच्चा** लिखता है। | **बच्चे** लिखते हैं। |
| **पक्षी** गगन में उड़ता है। | **पक्षी** गगन में उड़ते हैं। |
| **फूल** खिलता है। | **फूल** खिलते हैं। |

| स्त्रीलिंग | |
|---|---|
| **कर्ता (एकवचन) ⟶ क्रिया (एकवचन)** | **कर्ता (बहुवचन)⟶ क्रिया (बहुवचन)** |
| **नाव** चलती है। | **नावें** चलती हैं। |
| **पाठशाला** बड़ी है। | **पाठशालाएँ** बड़ी हैं। |
| **मछली** पानी में तैरती है। | **मछलियाँ** पानी में तैरती हैं। |
| **सब्ज़ी** सस्ती है। | **सब्ज़ियाँ** सस्ती हैं। |
| **लड़की** फूल तोड़ रही है। | **लड़कियाँ** फूल तोड़ रही हैं। |

## 11. संप्रेषण-कौशल

(क) "परिश्रम का फल मीठा होता है।" इस विषय पर कक्षा में **संवाद** प्रस्तुत कीजिए।

(ख) निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए **'मेरा प्रिय मित्र'** विषय पर 150 शब्दों का एक **निबंध** लिखिए।

- मित्र का नाम, रंग-रूप, गुण और शौक
- सुख-दुख में सहायक, मित्र पर गर्व

# 2. हमारा टापू हमारी शान

**शिक्षण-संकेत**

बहुवैकल्पिक प्रश्न, ई-मेल, विलोम शब्द, शब्दों के शुद्ध रूप , सही शब्दों से खाली स्थान को भरना, भविष्यत काल, अनुवाद-कार्य और संप्रेषण-कौशल।

**मूल्य-बोध**

देश-प्रेम, अस्तित्व और स्वाभिमान की रक्षा, संघर्ष ही जीवन है और प्रगतिशील दृष्टिकोण।

क्यूर्पिप रोड

25 फ़रवरी 2019

प्रिय आकाश,

नमस्ते।

तुम्हारा पत्र पढ़कर मन खुशी से गदगद हुआ। वास्तव में आज सोमवार 25 फ़रवरी 2019, सभी मॉरीशसवासियों के लिए खुशी का दिन है। जैसा कि तुम जानते हो कि मॉरीशस एक छोटा-सा टापू है। इसके अगल-बगल अनेक छोटे-बड़े द्वीप पाए जाते हैं। इनमें एक शागोस द्वीप समूह (Chagos Archipelago) है। स्वतंत्रता से पहले यह मॉरीशस का एक भाग था। लेकिन 8 नवंबर 1965 को ब्रिटेन ने इस द्वीप-समूह को मॉरीशस से अलग कर दिया था। शागोसवासियों को अपना देश छोड़ना पड़ा।



12 मार्च 1968 को मॉरीशस स्वतंत्र हुआ। स्वतंत्रता से लेकर आज तक हमारी सरकार इस द्वीप-समूह को पाने के लिए बहुत प्रयास कर रही है। आज अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत (International Court of Justice) ने इसे लौटाने की राय दी है। अदालत के अनुसार इस द्वीप-समूह पर सिर्फ़ मॉरीशस का अधिकार होना चाहिए और ब्रिटेन को जल्द-से-जल्द शागोस लौटा देना चाहिए।




इस जीत से पूरे देश में एकता और खुशी का माहौल छा गया। शागोसवासियों के मन में अपनी जन्मभूमि पर लौटने की आशा जाग उठी है। आकाश, मुझे तुमसे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि देश के सभी टापू हमारी शान हैं। इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। इन्हीं शब्दों के साथ अपना पत्र समाप्त करता हूँ।

तुम्हारा मित्र

निर्मल

## 1.(अ) सही उत्तर चुनिए।

(क) किसको यह पत्र भेजा गया है ?

(i) अदालत (ii) आकाश (iii) निर्मल (iv) शागोसवासियों

(ख) स्वतंत्रता से पहले शागोस किस देश का एक भाग था ?

(i) अमेरिका (ii) ब्रिटेन (iii) मॉरीशस (iv) रोड्रिग्स

(ग) मॉरीशस कब स्वतंत्र हुआ था ?

(i) 25 फरवरी 2019 (ii) 12 मार्च 1968

(iii) 8 नवंबर 1965 (iv) 12 मार्च 1992

(घ) अदालत के अनुसार शागोस पर किसका अधिकार होना चाहिए ?

(i) मॉरीशस (ii) अमेरिका (iii) ब्रिटेन (iv) रोड्रिग्स

(ङ) किस साल में शागोस द्वीप समूह को मॉरीशस से अलग किया गया ?

(i) 1965 (ii) 1992 (iii) 2019 (iv) 1968

## 1.(आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखिए।

(क) मॉरीशस के कुछ टापुओं के नाम बताइए।

(ख) शागोसवासियों को अपनी जन्मभूमि क्यों छोड़नी पड़ी ?

(ग) अदालत ने किस तारीख को अपना फ़ैसला सुनाया ?

(घ) शागोसवासी क्यों खुश हुए ?

(ङ) हमारे टापुओं के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है ?

## 2. निर्देशानुसार सही विकल्प पर ☑ लगाइए।

(क) इनमें से कौन-सा शब्द-युग्म विलोम नहीं है ?

☐ भीड़-भाड़ ☐ दाएँ-बाएँ ☐ भला-बुरा ☐ थोड़ा-बहुत

(ख) पुल्लिंग शब्द को पहचानिए।

☐ मिठाई ☐ लड़की ☐ सब्ज़ी ☐ पानी

(ग) 'अकर्मक क्रिया' पहचानिए।

☐ खरीदना ☐ पाना ☐ चलना ☐ भेजना

(घ) 'पास' का विलोम शब्द बताइए।

☐ सामने ☐ बगल ☐ दूर ☐ समीप

(ङ) 'एक' शब्द का बहुवचन बताइए।

☐ कम ☐ थोड़ा ☐ ज़्यादा ☐ अनेक

(च) 'पंद्रह दिनों में एक बार होने वाला' शब्द-समूह के लिए एक शब्द दीजिए।

☐ दैनिक ☐ मासिक ☐ पाक्षिक ☐ वार्षिक

(छ) इनमें से कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है ?

☐ पढ़ाई ☐ सच्चाई ☐ लंबाई ☐ मिठाई

(ज) 'वर्ष' शब्द का पर्यायवाची बताइए।

☐ मास ☐ महीना ☐ सप्ताह ☐ साल

(झ) इनमें से कौन-सा शब्द क्रिया-विशेषण नहीं है ?

☐ अभी-अभी ☐ मत ☐ आसान ☐ तेज़

(ञ) प्रश्नवाचक वाक्य को पहचानिए।

☐ मैं बाज़ार जाऊँगा।

☐ मैं बाज़ार नहीं जाऊँगा।

☐ बाज़ार मत जाना।

☐ क्या तुम भी बाज़ार जाओगे ?

## 3. सही उत्तर को घेरिए।

(क) मुझे पैसे नहीं चाहिए। इसके .................. में नौकरी दे दो।

(i) बदल (ii) बदले (iii) बदला (iv) बदली

(ख) हम तुरंत समुद्र में .................. चले गए।

(i) घूमने (ii) रहने (iii) तैरने (iv) टहलने

(ग) मेरा मित्र परीक्षा में सफल हो गया। वह एक .................. लड़का है।

(i) भोला (ii) बुरा (iii) परिश्रमी (iv) आलसी

(घ) भोजन करने से पहले हाथ .................. धोना चाहिए।

(i) अवश्य (ii) कभी-कभी (iii) थोड़ा (iv) नहीं

(ङ) क्या .................. अपना कार्य कर लिया ?

(i) उनसे (ii) उससे (iii) उसने (iv) उसको

## 4. नीचे दिए गए ई-मेल को ध्यान से पढ़िए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रिय शेखर,

आशा करता हूँ कि तुम सपरिवार ठीक हो। मेरे यहाँ सब लोग मज़े में हैं। मैं अपने पुत्र मनु के अठारहवें जन्मदिन के शुभावसर पर तुम्हें आमंत्रित कर रहा हूँ।

रविवार 10 नवंबर को दोपहर के साढ़े तीन बजे घर पर ही हमने जन्मदिन बड़े धूम-धाम से मनाने का निश्चय किया है। इसे यादगार बनाने के लिए गीत और नृत्य का भी प्रोग्राम रखा गया है। खानपान का पूरा प्रबंध रहेगा।

हमारे स्कूल के एक-दो मित्र और कुछ रिश्तेदार भी आ रहे हैं। मुझे आशा है कि तुम अवश्य मेरे बेटे को आशीर्वाद देने आओगे।

तुम्हारा मित्र

रवि

(क) किसने ई-मेल भेजा है ?

(ख) किसको ई-मेल भेजा गया है ?

(ग) कौन अपना जन्मदिन मनाएगा ?

(घ) मनु कितने साल का होगा ?

(ङ) शेखर को क्यों ई-मेल भेजा गया है ?

(च) जन्मदिन कब मनाया जाएगा ?

(छ) जन्मदिन कहाँ मनाया जाएगा ?

(ज) उस अवसर पर क्या प्रोग्राम रखा गया है ?

## 5. सही विलोम अर्थ वाले शब्द-युग्म पर ☑ लगाइए।

(क) ☐ आना-जाना ☐ बाल-बच्चे ☐ चहल-पहल ☐ भोला-भाला

(ख) ☐ भाग-दौड़ ☐ सीधा-सादा ☐ पाप-पुण्य ☐ काम-काज

(ग) ☐ दाएँ-बाएँ ☐ दुबला-पतला ☐ अड़ोस-पड़ोस ☐ आमने-सामने

(घ) ☐ अदला-बदला ☐ आस-पास ☐ बाल-बच्चे ☐ आगे-पीछे

(ङ) ☐ जान-पहचान ☐ ठीक-ठाक ☐ भला-बुरा ☐ टेढ़े-मेढ़े

## 6. उदाहरण के अनुसार रेखांकित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।

मार्च महीना ( **महीने** ) में हिन्दू लोग होली त्योहार मनाते है (..........)। होली रंग (..........) का पव है। ऐसा माना जाता है की (..........) हमेशा बुरा (..........) पर अच्छाई का (..........) जीत होती है।

## 7. दिए गए शब्दों से खाली जगहों को भरिए।

जीवन | योगदान | रक्षा | परम | तो

पर्यावरण की .................... करना हर उम्र के लोगों का ....................कर्तव्य है।
यदि ऐसा न किया गया .................... धरती पर .................... संभव नहीं होगा।
इसे बचाने के लिए हर किसी को अपना .................... देना चाहिए।

## 8. भविष्यत काल में लिखिए।

(क) हम बालू पर खेलते हैं। - ............................................................ ।

(ख) हम खुश हुए। - ............................................................ ।

(ग) समुद्र में लहरें उठती हैं। - ............................................................ ।

(घ) मैं खेत में काम करता हूँ। - ............................................................ ।

(ङ) हम बच्चों को खिलौने देते हैं। - ............................................................ ।

## 9.(अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद अंग्रेज़ी में कीजिए।

राहुल प्रतिदिन पाठशाला जाता है। वह हमेशा अपना सारा गृहकार्य पूरा करता है। वह अपनी गलतियों को सुधारता है। वह दुबारा वही गलती नहीं करता है।

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

गलतियाँ - mistakes सुधारना - correct दुबारा - again

## 9.(आ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद हिंदी में कीजिए।

A crow was thirsty. It searched for water everywhere but could not find it anywhere. Finally it found a little water in a  pitch. Its beak could not reach it.

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

| | | | |
|---|---|---|---|
| crow - कौआ | thirsty - प्यासा | pitch - घड़ा | beak - चोंच |

## 10. संप्रेषण-कौशल

(क) आपके मित्र ने आपको जन्मदिन पर एक कीमती उपहार भेजा है। पत्र लिखकर उसे धन्यवाद दीजिए।

(ख) शागोस पर बनी फ़िल्म 'शागोस नू लेरिताज़' (Chagos Nou leritaz) देखें फिर कक्षा में अपने मित्रों से उस पर चर्चा करें।

# 3. गाँव की बेटी

**शिक्षण-संकेत**

बहुवैकल्पिक प्रश्न, विशेषण, वर्तमानकाल, सर्वनाम, निमंत्रण पत्र, उचित शब्द की पहचान (cloze test), अनुवाद, संप्रेषण-कौशल।

**मूल्य-बोध**

व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास, जीवन में मानव मूल्यों का महत्व , नि:स्वार्थ प्रेम और सेवा ही सब से बड़ा धर्म।



डॉक्टर प्रमोद देश-विदेश में खूब नाम कमा रहे थे। लेकिन वे अपने गाँव के गरीब लोगों का इलाज नहीं करते थे। उसी गाँव की निर्मला जी, इंग्लैंड से डॉक्टरी की पढ़ाई करके लौटीं। वहाँ पर वे नौकरी करके खूब पैसे कमा सकती थीं। परंतु डॉक्टर निर्मला को अपना देश और अपने लोग प्रिय थे। वे गाँव के गरीबों की नि:शुल्क चिकित्सा करने लगीं। उन्होंने सरकारी अस्पताल में ही नौकरी करना पसंद किया। उनकी इसी सेवा-भावना ने उन्हें पूरे देश में लोकप्रिय बना दिया। डॉक्टर प्रमोद मन-ही-मन निर्मला से जलने लगे।

डॉक्टर प्रमोद विदेश में थे। उन्हीं दिनों, एक सड़क-दुर्घटना में उनका बेटा घायल हो गया। डॉक्टर निर्मला ने ऑपरेशन करके उसकी जान बचाई।

लौटने पर डॉक्टर प्रमोद को दुर्घटना से जुड़ी सभी जानकारियाँ प्राप्त हुईं। उन्होंने बस इतना ही कहा- "गाँव की बेटी आखिर अपनी ही होती है।"

## 1.(अ) सही उत्तर चुनिए।

(क) प्रमोद और निर्मला जी क्या काम करते थे ?

(i) वकालत (ii) डॉक्टरी (iii) अध्यापन (iv) समाज–सेवा

(ख) डॉक्टर निर्मला मॉरीशस में कहाँ रहती थी ?

(i) गाँव (ii) शहर (iii) राजधानी (iv) नगर

(ग) डॉक्टर निर्मला कहाँ खूब नाम और पैसा कमा सकती थी ?

(i) मॉरीशस में (ii) फ्रांस में (iii) भारत में (iv) इंग्लैंड में

(घ) निर्मला जी इंग्लैंड से पढ़ाई करके क्यों लौटीं ?

(i) पैसे कमाने के लिए (ii) नाम कमाने के लिए

(iii) अपने देश के लोगों के लिए (iv) अपने परिवार के लिए

(ङ) डॉक्टर निर्मला कहाँ काम करती थी ?

(i) सरकारी अस्पताल में (ii) निजी अस्पताल में (iii) विदेश में (iv) अपने गाँव में

## 1.(आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखिए।

(क) इंग्लैंड से किसने डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी की ?

(ख) डॉक्टर निर्मला इंग्लैंड में क्यों नहीं नौकरी करना चाहती थी ?

(ग) डॉक्टर निर्मला अपने गाँव के लोगों की चिकित्सा कैसे करती थी ?

(घ) डॉक्टर प्रमोद डॉक्टर निर्मला से मन-ही-मन क्यों जलने लगे थे ?

(ङ) किसने कहा कि "गाँव की बेटी आखिर अपनी ही होती है ?"

## 2. कोष्ठक में दिए गए संज्ञा शब्दों के विशेषण रूप से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

**उदाहरण :** बूढ़े आदमी को **मानसिक** रोग हुआ है। (मन)

(क) उस आदमी को ........................ चीज़ों से प्यार है। (संसार)

(ख) बेरोज़गारी एक ...................... समस्या है। (समाज)

(ग) गाँव में ......................... उत्सव मनाया जाता है। (वर्ष)

(घ) पिताजी ....................... समाचार-पत्र पढ़ते हैं। (सप्ताह)

(ङ) शाम को मंदिर में ......................... पूजा होगी। (मास)

## 3. क्रियाओं को वर्तमान काल में लिखिए।

**उदाहरण :** वह प्रतिदिन **खेलता है** । (खेलना)

(क) हम अनाथ बच्चों को खाना ......................... । (देना)

(ख) मैं हमेशा दूसरों की मदद ......................... । (करना)

(ग) तुम हर साल पत्र ......................... । (लिखना)

(घ) वे सदा मीठा ......................... । (बोलना)

(ङ) आजकल आप बहुत गीत ......................... । (गाना)

## 4. दिए गए सर्वनाम शब्दों से खाली जगहों की पूर्ति कीजिए।

मैं | वह | तुम | आप | हम

**उदाहरण :** आज **हम** मिठाइयाँ खाते हैं।

(क) पिताजी ने कहा, "......................... इधर बैठिए।"

(ख) शाम को ......................... लोग कहाँ जा रहे हैं ?

(ग) अध्यापक ने हमसे पूछा," .........................कहाँ जा रहे हो ?"

(घ) प्रतिदिन ......................... अपने पिताजी के साथ समाचार-पत्र पढ़ता हूँ।

(ङ) हमारे परिवार में शादी के दिन ......................... गाएगा और नाचेगा।

## 5. शादी के इस आमंत्रण पत्र को पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।



ॐ श्री गणेशाय नमः

श्रीमान मनीष शंकर की बहन
(स्वर्गीय श्रीमान और श्रीमती देवराज शंकर की पुत्री)
नेहा
का शुभ विवाह-संस्कार
किशन
( श्रीमान और श्रीमती विनोद रामभरत के पुत्र )

के साथ सम्पन्न होगा।

कार्यक्रम
शनिवार 5 जून 2021
तिलक विधि :
दोपहर के 2 बजे (वर के निवास-स्थान - 9 ओलिए गली, कात्र बोर्न)
हल्दी विधि एवं प्रीतिभोज : शाम के 6.30 बजे

रविवार 6 जून 2021
विवाह समारोह : दोपहर के 1.30 बजे
वधू के निवास-स्थान (12, भंजन गली, रोज़-हिल)

वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए अवश्य पधारें।

(क) मनीष शंकर कौन है ?

(ख) वर का नाम बताइए।

(ग) तिलक-विधि कितने बजे और कहाँ होगी ?

(घ) हल्दी-विधि के अवसर पर मेहमानों को क्या दिया जाएगा ?

(ङ) विवाह समारोह कितने बजे और कहाँ होगा ?

## 6. दिए गए शब्दों से खाली जगहों की पूर्ति कीजिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मेहमान | हल्दी | गीत | दिन | सजाया |
| पुरुष | सात | चहल-पहल | मनोरंजन | साड़ी |

शनिवार का .................. है। घर-आँगन में ...................... है। पंडाल को बिजली के बल्बों और फूलों से .................. गया है। दुल्हन पीली ...................... पहनकर वेदी में बैठती है। हल्दी-विधि शुरू होती है। पास में बैठी दादीजी .................. गाती हैं। पंडाल में बैठीं विवाहित स्त्रियाँ बारी-बारी से ........................के बाद दुल्हन को ..................... लगाती हैं। ............................ केले के पत्तों पर परोसे ...................... तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हैं। फिर सभी का ............................ स्थानीय गायकों द्वारा गाए मधुर गीतों से होता है।

## 7.(अ) निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद अंग्रेज़ी में कीजिए।

| | |
|---|---|
| बच्चा बीमार है। | ............................................................<br>............................................................ |
| माँ उसे अस्पताल ले जाती है। | ............................................................<br>............................................................ |
| वहाँ डॉक्टर उसकी जाँच करते हैं। | ............................................................<br>............................................................ |
| माँ दवाखाने से दवाई लेती है। | ............................................................<br>............................................................ |
| कुछ दिनों बाद बच्चा ठीक हो जाता है। | ............................................................<br>............................................................ |

अस्पताल – hospital जाँच करना – to examine दवाखाना – pharmacy ठीक – cured

## 7.(आ) निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद हिंदी में कीजिए।

| | |
|---|---|
| There are many rats in the village. | ........................................................ ........................................................ |
| The villagers decide to clean everywhere. | ........................................................ ........................................................ |
| Elders and youngsters collect the garbage and throw them in bins. | ........................................................ ........................................................ |
| The village is now clean. Everyone is happy. | ........................................................ ........................................................ |

elders – बड़े youngsters – नौजवान bins - कूड़ेदान garbage – कूड़ा

## 8. संप्रेषण-कौशल।

(क) अपने देश के किसी एक महापुरुष के बारे में सुनाइए ?

(ख) आप इंटरनेट की सहायता से सेवा-भावना पर आधारित लोकप्रिय "बौने और मोची" के दिए गए अंश को पूरा कीजिए।

एक छोटे से शहर में एक मोची (जूते बनाने वाला) रहता था। वह बहुत ही गरीब था। उसके पास एक जोड़ा जूता बनाने के लिए चमड़ा था। मोची और उसकी पत्नी बहुत परेशान थे। मोची ने चमड़े की कटाई की और वह घर लौट गया। उसने सोचा कि अगले दिन सुबह वह जूते बनाएगा और उन्हें बेचेगा। ........................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

# NCE परीक्षा हेतु
# मॉडल प्रश्न पत्र - 1

Question 1

## सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए।

1. गर्मी में लोग प्रायः ठंडा शरबत पीना ................. करते हैं।

   क. प्रसन्न　　ख. प्रश्न　　ग. पसंद　　घ. परिश्रम

2. छात्र ने कहा ................. उसने गृहकार्य कर लिया है।

   क. के　　ख. की　　ग. कि　　घ. को

3. नीरज की दादीजी गीत ...................।

   क. गाएगी　　ख. गाएँगी　　ग. गाएगा　　घ. गाएँगे

4. युद्ध में सिपाही ................. लड़े।

   क. डर　　ख. निडर　　ग. निडरता　　घ. निडरतापूर्वक

5. माली ने सभी पौधों को ................।

   क. रोपे　　ख. रोपा　　ग. रोपी　　घ. रोपीं

6. कोरोना बीमारी से बचने के लिए मास्क पहनना ................ है।

   क. अवश्य　　ख. आवश्यक　　ग. आवश्यकता　　घ.आवश्यकतापूर्वक

7. बच्चे ने वृद्ध से कहा, " ................ कृपया यहाँ बैठिए।"

   क. आप　　ख. तुम　　ग. तू　　घ. वे

8. 'निर्धन' का पर्यायवाची शब्द ........................ है।

क. धनवान   ख. धनी   ग. करीब   घ. गरीब

9. चाचाजी विदेश से बहुत ..................... लाए।

क. समान   ख. सम्मान   ग. सामान   घ. समानता

10. 'कठोर' का विलोम शब्द ..................... है।

क. सरल   ख. सफल   ग. कोमल   घ. तरल

11. 'चरित्र' शब्द के साथ प्रत्यय जोड़कर विशेषण बनाइए।

.....................................

12. 'पड़ोसी' शब्द का स्त्रीलिंग रूप लिखिए।

.......................................

13. 'आग बबूला होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

........................................

14. 'वह मेरी सहायता किया।' इस वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए।

.............................................

15. 'व्यक्ति' शब्द का बहुवचन लिखिए।

.............................................

Question 2

## सही शब्द चुनकर वाक्य को पूरा कीजिए।

(क) सूरज ढलने के समय को .................... कहते हैं।

(i) सूर्योदय (ii) प्रातःकाल (iii) सूर्यास्त (iv) दोपहर

(ख) मधुमक्खियाँ .................... बनाती है।

(i) शहद (ii) नींबू (iii) मिर्च (iv) नमक

(ग) मॉरीशस में कुल नौ .................... हैं।

(i) गाँव (ii) ज़िले (iii) शहर (iv) राजधानी

(घ) मोहन ....................लड़कों के साथ रहता है।

(i) पहला (ii) मासिक (iii) अच्छे (iv) यह

(ङ) परीक्षा....................अप्रैल में होगी।

(i) ने (ii) में (iii) को (iv) पर

Question 3

## ध्यान से आमंत्रण पत्र पढ़िए और सही उत्तर लिखिए।

विदाई-समारोह

गायतौं रेनाल स्टेट कॉलेज

हेड गर्ल और सभी छात्राएँ

स्कूल की मुख्य अध्यापिका, अध्यापिकाओं और अध्यापकों को

इस सुनहरे पल को यादगार बनाने के लिए आमंत्रित करती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| स्थान | : | स्कूल की व्यायामशाला |
| तिथि | : | शुक्रवार 27 नवम्बर 2020 |
| समय | : | सुबह के नौ बजे |
| कार्यक्रम | : | संगीत और नृत्य |
| प्रीतिभोज | : | दिन के बारह बजे |

आशा है कि आप अपनी उपस्थिति से इस समारोह की शान बढ़ाएँगे।

**उदाहरण :** स्कूल का नाम : **गायतौं रेनाल स्टेट कॉलेज**

1. निमंत्रण का अवसर : ..............................
2. कौन-कौन आमंत्रित हैं ? : ..............................
3. कार्यक्रम का समय : ..............................
4. समारोह स्थल : ..............................
5. भोजन का समय : ..............................

Question 4

## कोष्ठक में दिए गए शब्दों से नए शब्द बनाकर खाली जगहों को पूरा कीजिए।

मेरी नानीजी एक बहुत ही ........................ (धर्म) महिला है। उनके घर में ................ (दिन) पूजा और आरती होती है। नानीजी प्रतिदिन गाँव के दीन-दुखियों और .............. (पीड़ा) जनों की सेवा में व्यस्त रहती हैं। उनके शब्दों में हमेशा .................(मीठा) रहता है। उनकी ....................... (लोकप्रिय) कई गाँवों तक फैली हुई है। गाँववाले उन्हें प्यार से नानी-माँ बुलाते हैं।

Question 5

## रेखांकित शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए।

एक बकरी **का** (...........) पीछे शिकारी कुत्ते दौड़े। बकरी जान बचाने के लिए **झाड़ियाँ** (..............) में घुस गई। कुत्ते आगे निकल गए। बकरी **निश्चिंत** (.........................) से झाड़ियों के पत्ते खाने लगी। झाड़ियों में एक भी पत्ता नहीं रहा। बकरी के छिपने का सहारा समाप्त हो गया। कुत्तों ने उसे देख लिया और उन्होंने उसे मार **डाले** (.......................)। जो सहारा देने वाले को नष्ट करता है , **उसका** (.............) ऐसी ही दुर्गति होती है।

Question 6

## दिए गए शब्दों से खाली जगहों को भरिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मन | अचानक | टहल | वहीं | थोड़ा | छोटा |

एक बार की बात है बादशाह अकबर और बीरबल दोनों शाही बगीचे में .................. रहे थे। दोनों के बीच किसी गंभीर समस्या पर चर्चा हो रही थी। .................. बादशाह अकबर ने बीरबल की परीक्षा लेने का निश्चय किया।

बादशाह अकबर ने पास में पड़ी हुई एक लकड़ी की ओर इशारा करते हुए बीरबल से पूछा, " क्या तुम इसे बिना काटे ................ कर सकते हो ? "

बीरबल, बादशाह अकबर के .................. की बात समझ गए। उन्होंने कहा " जी महाराज मैं इस लकड़ी को छोटा कर सकता हूँ।"

बादशाह अकबर बोले, " वह कैसे भला ?" तब बीरबल ने .................. पास में पड़ी हुई एक लम्बी लकड़ी उठाई और बादशाह अकबर को पकड़ाते हुए पूछा, " महाराज यह लीजिए आपके प्रश्न का उत्तर।"

Question 7

अपनी चचेरी बहन/अपने चचेरे भाई को 50-60 शब्दों का एक ई-मेल लिखिए, जिसमें आप बताते हैं / बताती हैं कि परीक्षा के बाद आप उसके पास आकर दो सप्ताह तक रहेंगे/ रहेंगी।

प्रिय येशना / प्रिय राहुल,

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

................................................................

तुम्हारा भाई/तुम्हारी बहन

Question 8

## पाठ को ध्यान से पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मोहन एक हँसमुख और **आज्ञाकारी** बालक है। उसे किताब पढ़ने का बड़ा शौक है। एक दिन मोहन ने गाँधीजी की लिखी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' को पढ़ा, जिसमें डायरी-शैली का प्रयोग किया गया था। उसने सोचा वह भी डायरी लिखेगा। मोहन ने अपने माता-पिता को डायरी लिखने की बात बताई। वे बहुत **प्रसन्न** हुए। उन्होंने पुत्र का हौसला बढ़ाते हुए उसी दिन उसे एक डायरी खरीदकर दिया। उसे अपने मुख्य अध्यापक की बात याद आई कि डायरी लिखना कोई बड़ी बात नहीं है। रात में बैठकर दिनभर की घटना को अति **संक्षेप** में लिख दो। बस प्रतिदिन लिखते रहना है। आरंभिक दिनों में मोहन के लिए डायरी लिखना कठिन था। वह संक्षेप में नहीं लिख पा रहा था। धीरे-धीरे वह अपने लेखन को नियंत्रित कर पाया। फिर क्या था, मोहन के लिए डायरी-लेखन उसके जीवन का एक अनिवार्य सत्य बन गया। यही बालक एक दिन बड़ा होकर महान लेखक मोहन राकेश के नाम से हिंदी-**जगत** में प्रसिद्ध हुआ। बच्चो ! याद रखें, जीवन में **अनुशासन**, लगन और गलतियों से सीख लेने के लिए बचपन से ही डायरी लिखने की आदत डालनी चाहिए ।

## (अ) सही उत्तर पर ☑ लगाइए।

1. इस पाठ में क्या लिखने की बात हो रही है ?

   (i) आत्मकथा (ii) कहानी (iii) डायरी (iv) घटना

2. डायरी में कौन-सी घटना लिखी जाती है ?

   (i) बीत गई घटना (ii) आज की घटना (iii) आने वाली घटना (iv) असत्य घटना

3. 'सत्य के प्रयोग' किस तरह की पुस्तक है ?

(i) कहानी (ii) संस्मरण (iii) आत्मकथा (iv) डायरी

4. डायरी में कैसी बातें लिखी जाती हैं ?

(i) विस्तार में (ii) संक्षेप में (iii) उल्टा-पुल्टा (iv) अनावश्यक

5. 'जगत' का पर्यायवाची शब्द है-

(i) आसमान (ii) संसार (iii) जीवन (iv) घटना

## (आ) प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में दीजिए।

1.मोहन को डायरी लिखने की प्रेरणा कहाँ से मिली ?

..............................................................................

2.'सत्य के प्रयोग' पुस्तक का लेखक कौन है ?

..............................................................................

3. मोहन के चरित्र की कोई एक विशेषता बताइए ?

..............................................................................

4.मोहन बड़ा होकर क्या बना और इसके लिए उसे क्या करना पड़ा ?

..............................................................................

5.बच्चों को डायरी लिखने की आदत क्यों डालनी चाहिए ?

..............................................................................

6. पाठ में दिए गए पाँच शब्दों में से किन्हीं **तीन** के अर्थ लिखिए।

आज्ञाकारी - .........................................

प्रसन्न - .........................................

हौसला - .........................................

महान - .........................................

महत्वपूर्ण - .........................................

Question 9

## (अ) दिए गए शब्दों का अनुवाद हिंदी में कीजिए।

i. Life - .........................................

ii. Broom - .........................................

iii. Festival - .........................................

iv. Birds - .........................................

v. Medals - .........................................

## (आ) अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद कीजिए।

i. There is a pond in my yard.

..............................................................................

ii. It is surrounded by beautiful small plants.

..............................................................................

iii. The colourful fish is swiming in the water.

..............................................................................

iv. I like to sit near the pond everyday.

..............................................................................

Question 10

**किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों का एक निबंध या एक कहानी लिखिए।**

मॉरीशस के किसी एक गाँव या शहर का वर्णन कीजिए।

अथवा

एक कहानी लिखिए जो इस प्रकार शुरू होती है :
मैं धीरे-धीरे रास्ते पर चल रहा था/ रही थी जब अचानक ........................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

...........................................................................................................

# 4. तूफ़ान थम गया

**शिक्षण-संकेत**

बहुवैकल्पिक प्रश्न, मिलते-जुलते शब्द, विशेषण, बहुवचन, सर्वनाम, अनुवाद, लेख आधारित प्रश्न, क्लोज़ टेस्ट , अव्यय , विराम चिह्न और संप्रेषण-कौशल।

**मूल्य-बोध**

विपरीत परिस्थितियों का सामना करना, सामाजिक एकता, भाईचारा तथा देश-भक्ति की भावना।



12 मार्च सन् 1968 को मॉरीशस स्वतंत्र हुआ। शॉ दे मार्स में 'युनियन जैक' का झंडा उतारकर पहली बार के लिए हमारे देश का चौरंगा फहराया गया। मॉरीशसवासी बहुत ही खुश थे।

स्वतंत्रता के उन्हीं दिनों हमारे देश को एक खतरनाक तूफ़ान का सामना करना पड़ा था। इस तूफ़ान से समाज में अशांति फैल गई थी। इस कारण पूरे देश में तनाव पैदा हो गया था। यह खतरनाक तूफ़ान जाति और धर्म के नाम पर भेद-भाव उत्पन्न कर रहा था। हमारे कुछ देश-भक्तों ने उस समय समाज में शांति और एकता के लिए बहुत प्रयास किया।

एकता लाने के उद्देश्य से गौरी भाइयों ने भोजपुरी में यह गाना गाया -

"द तोहर हाथ ल हमर हाथ, हाथों में हाथ चलऽ बसावे, चलऽ बसावे जाति मोरिस्यें"

आज भी पूरे देश में स्वतंत्रता के अवसर पर यह देश-भक्ति गीत गर्व के साथ गाया जाता है। यह देश का गौरव है कि यहाँ अनेक जाति के लोग मिलजुलकर रहते हैं और सभी एक-दूसरे के धर्म का सम्मान करते हैं।

## 1.(अ) सही उत्तर चुनिए।

(क) मॉरीशस कब स्वतंत्र हुआ ?

(i) 12 मार्च 1968 (ii) 12 मार्च 1986 (iii) 12 मार्च 1992 (iv) 12 मार्च 1965

(ख) मॉरीशस का झंडा कैसा है ?

(i) एकरंगा (ii) दोरंगा (iii) तीरंगा (iv) चौरंगा

(ग) तूफ़ान से पूरे देश में क्या पैदा हो गया था ?

(i) एकता (ii) खतरा (iii) तनाव (iv) शांति

(घ) हमारे देश में शांति लाने के लिए किन लोगों ने बहुत प्रयास किया ?

(i) कुछ देश भक्तों ने (ii) गौरी भाइयों ने
(iii) कुछ लोगों ने (iv) सभी लोगों ने

(ङ) हमारे देश में लोग कैसे रहते हैं ?

(i) लड़-झगड़कर (ii) मिलजुलकर (iii) आराम से (iv) अशांति से

## 1.(आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखिए।

(क) कहाँ पर 'युनियन जैक' उतारा गया था ?

(ख) हमारे देश को किस प्रकार के तूफ़ान का सामना करना पड़ा था ?

(ग) जाति और धर्म के नाम पर क्या उत्पन्न हो रहा था ?

(घ) किस उद्देश्य से गौरी भाइयों ने भोजपुरी गीत गाया था ?

(ङ) किस अवसर पर यह देश-भक्ति गीत गाया जाता है ?

## 2. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(क) भारत के दक्षिण में .................... द्वीप मॉरीशस है।

(i) विशाल (ii) बड़ा (iii) छोटा (iv) चौड़ा

(ख) 'ऊँचा' का विलोम शब्द बताइए।

(i) नीचा (ii) गहरा (iii) बड़ा (iv) छोटा

(ग) जब बारिश होती है, .................... रास्ते पर पानी जमा हो जाता है।

(i) यदि (ii) तब (iii) तो (iv) सो

(घ) कभी किसी की .................... नहीं करनी चाहिए।

(i) बुरा (ii) बुराई (iii) भला (iv) भलाई

(ङ) हम अपनी .................... से देखते हैं।

(i) आँख (ii) आँखों (iii) कान (iv) कानों

## 3.(अ) कोष्ठक से सही सर्वनाम चुनकर खाली जगहों में भरिए।

(क) गत सप्ताह .................... बीमार थी। (मैं, मेरी, हम)

(ख) .................... घर में कितने लोग रहते हैं ? (तुम, तेरा, तुम्हारे)

(ग) .................... बाज़ार से सामान लाए हैं। (कुछ, कोई, वे )

(घ) कक्षा में .................... शोर मचा रहा था ? (क्या, कौन, किन)

(ङ) .................... प्रतिदिन स्कूल जाते हैं। (हमें, हम, यह)

## 3.(आ) निम्न अनुच्छेद के सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए।

28 फरवरी 1960 को मॉरीशस में एक भयंकर तूफ़ान आया था। उस तूफ़ान का नाम कारोल था। मेरी दादी बताती है कि कारोल ने पूरे देश को तहस-नहस कर दिया था। किसी का भी घर नहीं बचा था। नदियाँ उमड़ आई थी। बाढ़ के कारण बहुत से घर पानी में बह गए थे। यह तूफ़ान यादगार बनकर रह गया।

## 4.(अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद अंग्रेज़ी में कीजिए।

मेरा नाम कमल है। मैं ग्रेड 9 + का छात्र हूँ। मेरी कक्षा में 20 छात्र हैं। कुछ बच्चे बहुत शरारती हैं। वे अपने साथियों को परेशान करते हैं। मेरी माँ कहती है कि अच्छे बच्चों के साथ रहना चाहिए।

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्रेड - grade | शरारती - mischievous | साथी- friend | परेशान- disturb |

## 4.(आ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद हिंदी में कीजिए।

Bahal Gowry is a famous singer. He has written and sung the patriotic song *'donne to lamain pran mo lamain..........'* In 1968 he wrote this song to bring unity in Mauritius. He also translated this song in Bhojpuri. Even today we sing this patriotic song.

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

famous - प्रसिद्ध, patriotic - देश-भक्ति unity - एकता translated - अनुवाद

*'donne to lamain pran mo lamain........'* - *'द तोहर हाथ ल हमर हाथ........'*

## 5.(अ) इस लेख को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।





राकेश शर्मा का जन्म 13 जनवरी 1949 को पंजाब, भारत में हुआ था। उनकी माध्यमिक शिक्षा हैदराबाद में और उच्चस्तरीय शिक्षा वहीं के उस्मानिया विश्वविद्यालय में हुई थी। बचपन से ही उन्होंने पायलट बनने का सपना देखना शुरू कर दिया था। राकेश शर्मा पहले भारतीय थे, जो 2 अप्रैल 1984 को दो अन्य लोगों के साथ अंतरिक्ष में गए थे। इंदिरा गाँधीजी ने राकेश शर्मा से पूछा था - "अंतरिक्ष से भारत कैसा लगता है ?" राकेश शर्मा ने बताया -"सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा।"

(क) राकेश शर्मा का जन्म कब हुआ था ?

(ख) उनकी पढ़ाई कहाँ हुई थी।

(ग) वे बचपन से क्या बनने का सपना देखते थे ?

(घ) 2 अप्रैल 1984 को क्या हुआ था ?

(ङ) इंदिरा गाँधी ने राकेश शर्मा से क्या पूछा ?

## 5.(आ) दिए गए शब्दों से खाली जगहों को भरिए।

| छाया | पूर्ण | चंद्रग्रहण | पूर्णिमा | रोशनी |
|---|---|---|---|---|

पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है और चाँद पृथ्वी की परिक्रमा करता है। जब सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है तब ........................ होता है। उस समय चंद्रमा की सतह पर पड़ने वाली सूर्य की ........................ में रुकावट आती है। इससे चंद्रमा पर पृथ्वी की ........................ पड़ने लगती है। इसे ही चंद्रग्रहण कहते हैं। चंद्रग्रहण केवल ........................ के दिन ही संभव है। ........................ चंद्रग्रहण कभी-कभी ही दिखाई देता है।

## 6.(अ) कोष्ठक से सही अव्यय चुनकर खाली जगहों में भरिए।

**उदाहरण** : नेहा बीमार है **इसीलिए** वह स्कूल नहीं आई है। (इसीलिए, ताकि)

(क) सीता .......................... नेहा निबंध लिख रही हैं। (और, किंतु)

(ख) रोहन आया था .......................... बिना बताए चला गया। (तथा, परंतु)

(ग) घर से मत निकलो .......................... बारिश हो रही है। (क्योंकि, इसीलिए)

(घ) तुम खूब मेहनत करो .......................... तुम सफल हो जाओ। (यदि, ताकि)

(ङ) मेरी माँ .......................... मेरी बहन ने मेरा कमरा साफ़ किया होगा। (या, परंतु)

## 6.(आ) निम्न वाक्यों में सही विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए।

(क) गुरुजी ने विराट से पूछा कल तुम कहाँ थे

(ख) रामायण एक धार्मिक ग्रंथ है

(ग) हे भगवान इतनी बारिश

(घ) घोड़ा दौड़ते-दौड़ते थक गया

(ङ) क्या मोहन और मनीषा घूमने जा रहे हैं

## 7. उदाहरण के अनुसार उचित मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| बिना धन वाला | अनपढ़ |
| जो कभी न मरता हो | असहाय |
| जो गिना न जा सके | निराकार |
| जो पढ़ा-लिखा न हो | निर्धन |
| जिसका कोई आकार न हो | अनगिनत |
| जिसकी सहायता कोई न करे | अमर |

## 8. संप्रेषण-कौशल।

(क) एक पोस्टर बनाइए जिसका शीर्षक है - 'मेरे स्कूल में स्वतंत्रता दिवस'।

(ख) अपने मित्र को पत्र लिखकर बताइए कि आपने अपने विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस कैसे मनाया ? आपकी सहायता के लिए आरंभिक उदाहरण दिए जा रहे हैं।

पीपल गली, मोका,
मॉरीशस
20 मार्च 2021

प्रिय माही,

सप्रेम नमस्ते।

तुम्हारा पत्र मिला। यह जानकर बहुत खुश हुई कि तुम सपरिवार कुशल-मंगल हो। हम लोग भी यहाँ पर स्वस्थ हैं। हमारे स्कूल में हर साल स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है।

इस अवसर पर एक सप्ताह पहले से ही तैयारियाँ शुरू हो जाती हैं। उस दिन मैं सवेरे ही स्कूल ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................

तुम्हारी प्रिय सहेली
मेधा

# 5. स्वागत नव वर्ष

**शिक्षण-संकेत**

बहुवैकल्पिक प्रश्न, रिक्तस्थानों की पूर्ति, क्लोज़ टेस्ट, नव वर्ष कार्ड बनाना, विशेषण, अनुवाद, संप्रेषण-कौशल।

**मूल्य-बोध**

बहुसांस्कृतिक देश की विशिष्टता और अनेकता में एकता की भावना।




आज मैं बहुत खुश हूँ। पूरी दुनिया के साथ आज मैं भी ठीक बारह बजे रात को पटाखों के साथ नव वर्ष के स्वागत के लिए तैयार हूँ। व्हाट्सअप (WhatsApp) पर अभी से ही नव वर्ष अभिनंदन का संदेश भेजने लगा हूँ।

इस बार भी माँ ने हमारे लिए नए कपड़े खरीदे हैं। उस दिन हम सभी एक दूसरे को 'बोंन-आने' कहते हैं। हम सब बड़ों का आशीर्वाद भी लेते हैं।

कल मैं अपनी माँ के साथ पोर्ट-लुई में स्थित गयासिंह आश्रम जाऊँगा। वहाँ हम बच्चों को खिलौने बाँटेंगे। मेरी चाची सबके लिए खीर-पूरी लेकर जाएगी।

हमारे देश में अलग-अलग जाति के लोग रहते हैं। इन सबकी अपनी-अपनी संस्कृति है। पहली और दूसरी जनवरी को यहाँ आम छुट्टी होती है। यहाँ सभी धर्मों के लोग नव वर्ष का बड़ी धूमधाम से स्वागत करते हैं। सभी अपनी-अपनी संस्कृति के अनुसार भी नव वर्ष अर्थात् स्प्रिंग फ़ेस्टिवल, युगादि, नवसंवत्सर, गुढी पाडवा, वरुषा-पिरप्पू आदि बड़े उत्साह से मनाते हैं।

पहली जनवरी का यह उत्सव अनेकता में एकता का संदेश देता है।

## 1.(अ) सही उत्तर चुनिए।

(क) इकतीस दिसंबर की रात को ठीक कितने बजे हम पटाखे जलाते हैं ?

(i) ग्यारह (ii) बारह (iii) दस (iv) नौ

(ख) 'बोंन-आने' किस भाषा का शब्द है ?

(i) हिंदी (ii) उर्दू (iii) फ्रेंच (iv) अंग्रेज़ी

(ग) नए साल के अवसर पर मॉरीशस में कितने दिनों की आम छुट्टी होती है ?

(i) एक (ii) दो (iii) तीन (iv) चार

(घ) नव वर्ष क्या संदेश देता है ?

(i) अनेकता (ii) एकता (iii) जश्न (iv) धूमधाम

(ङ) गयासिंह आश्रम कहाँ पर स्थित है?

(i) क्यूर्पिप (ii) रोजहिल (iii) वाक्वा (iv) पोर्ट-लुई

## 1.(आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखिए।

(क) आजकल हम नव वर्ष का संदेश कैसे भेजते हैं ?

(ख) नव वर्ष के अवसर पर हम एक दूसरे को क्या कहते हैं ?

(ग) माँ और चाची गयासिंह आश्रम क्या करने जाएँगी ?

(घ) मॉरीशस के कुछ त्योहारों के नाम बताइए ?

(ङ) नूतन वर्ष हमें क्या संदेश देता है ?

## 2. सही विकल्प पर ☑ लगाइए।

(क) नव वर्ष का क्या अर्थ है ?

☐ नया साल ☐ नया महीना ☐ नया दिन ☐ नया सप्ताह

(ख) 'खुश' शब्द का विलोम बताइए।

☐ पसंद ☐ उदास ☐ प्रसन्न ☐ सुखी

(ग) 'अध्यापक .................... पास मेरी पुस्तक है।' सही विभक्ति चुनिए।

☐ की ☐ के ☐ का ☐ को

(घ) '.................... स्कूल जाता हूँ।' सही सर्वनाम चुनिए।

☐ तुम ☐ हम ☐ वह ☐ मैं

(ङ) 'नौ दो ग्यारह हो जाना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

☐ लौट आना ☐ भाग जाना ☐ पीछे पड़ना ☐ चले जाना

## 3. दिए गए शब्दों से खाली जगहों की पूर्ति कीजिए।

संग्रहालय | स्वागत | गन्ने | बच्चों | प्रसिद्ध | सभा

मॉरीशस में आपका .......................... है। यहाँ एक .......................... संग्रहालय है। यह .......................... पाम्पलेमूस के पास स्थित 'शूगर स्टेट' में है। इसमें .......................... से चीनी-निर्माण तक के लगभग 200 वर्षों के मॉरीशसीय इतिहास का पता चलता है। इसमें एक .......................... कक्ष भी है। यहाँ .......................... का एक कोना भी है। जहाँ भिन्न-भिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होता रहता है।

## 4. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मॉरीशस में स्थित बो-प्लां शूगर एस्टेट में एक सुंदर संग्रहालय है। 1834 से पहले इस फैक्ट्री में गुलाम लोग काम करते थे। 1835 में गुलामी-प्रथा समाप्त हो गई। तब इसमें भारतीय शर्तबंद मज़दूर काम करने लगे। 1999 में यह कारखाना बंद हो गया। यहाँ गन्ने से चीनी बना करती थी। आज यह एक प्रसिद्ध संग्रहालय है। यहाँ आज भी पुरानी मशीनें तथा चिमनियाँ देखकर पर्यटक हैरान हो जाते हैं। यहाँ के कर्मचारी रंग-बिरंगी पोशाक एवं मुखौटे पहनकर, सबको आकर्षित करते हैं। वे संग्रहालय के इतिहास के बारे में भी समझाते हैं।

### प्रश्न

(क) बो-प्लां शूगर एस्टेट में क्या स्थित है ?

(ख) मॉरीशस में गुलामी प्रथा कब समाप्त हुई ?

(ग) बो-प्लां शूगर फैक्ट्री कब बंद हुई थी ?

(घ) बो-प्लां शूगर एस्टेट में क्या तैयार किया जाता था ?

(ङ) संग्रहालय के इतिहास के बारे में कौन समझाता है ?

## 5. 'नव वर्ष अभिनंदन' के इस कार्ड को ध्यान से पढ़िए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




(क) यह कार्ड किस अवसर के लिए है ?

(ख) नव वर्ष की शुभकामनाएँ किसे दी गई हैं ?

(ग) यह शुभकामनाएँ कौन दे रहा है ?

(घ) 'अभिनंदन' शब्द का क्या अर्थ है ?

(ङ) 'नव' के लिए दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

## 6.(अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद अंग्रेज़ी में कीजिए।

अप्रैल की छुट्टियाँ मुझे अच्छी लगती हैं। हम इन छुट्टियाँ में पिकनिक पर जाते हैं। कभी-कभी हम परिवार के साथ चीनी अमरूद तोड़ने जंगल की ओर भी जाते हैं। ये अमरूद खट्टे-मीठे होते हैं। मेरी माँ चीनी अमरूदों से मुरब्बा भी बनाती है।

.................................................................................................................

.................................................................................................................

.................................................................................................................

.................................................................................................................

.................................................................................................................

| | |
|---|---|
| चीनी अमरूद - Chinese Guava | खट्टे-मीठे - sweet and sour |
| जंगल - forest | मुरब्बा - jam |

## 6.(आ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद हिंदी में कीजिए।

Children like to play with toys. Long ago toys were made of wood. Now they are mostly made of plastic. They are light and colourful.

.................................................................................................................

.................................................................................................................

.................................................................................................................

.................................................................................................................

.................................................................................................................

| | | |
|---|---|---|
| toys - खिलौने | wood - लकड़ी | long time ago - बहुत पहले |
| plastic - प्लास्टिक | light - हल्के | colourful - रंग-बिरंगे |

## 7. पशु-पक्षियों की बोलियों का मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| शेर | कूकना |
| कोयल | टैं टैं करना |
| चिड़िया | टर्राना |
| तोता | रँभाना |
| घोड़ा | चहचहाना |
| गाय | दहाड़ना |
| मेढ़क | हिनहिनाना |

## 8. पढ़िए तथा समझिए ( विशेषण)।

**उदाहरण :** मेरा जन्मदिन **पहली** जनवरी को है। (विशेषण)

इस वाक्य में 'जनवरी' शब्द संज्ञा है। 'पहली' शब्द 'जनवरी' शब्द की विशेषता बता रहा है। अतः **'पहली'** शब्द **विशेषण** है।

| विशेषण | संज्ञा |
|---|---|
| बूढ़ा | आदमी |
| सुंदर | संग्रहालय |
| थोड़ी | चीनी |
| मीठे | गन्ने |
| अच्छी | बातें |

## 9. संप्रेषण-कौशल।

(क) आपने नव वर्ष कैसे मनाया ? कक्षा में सुनाइए।

(ख) चित्रों के आधार पर नव वर्ष पर 150 शब्दों का एक निबंध लिखिए।

1. आतिशबाज़ियाँ आसमान में



2. सुंदर सजे हुए शापिंग माल



3. नए कपड़े पहनना



4. यज्ञ करना



5. नव वर्ष कार्ड



6. परिवार के साथ भोजन



7. समुद्र-तट



8. होटल में भोजन तथा नृत्य



# 6. सतत विकास की ओर बढ़ते कदम

**शिक्षण-संकेत**

बहुवैकल्पिक प्रश्न , 'सु' और 'कु' उपसर्ग, भाववाचक संज्ञा, बहुवचन, अनुवाद कार्य, भाषण और संप्रेषण-कौशल ।

**मूल्य-बोध**

सतत विकास द्वारा एक सुरक्षित विश्व की स्थापना, जैविक खेती, पुनर्चक्रण आदि पर बल, पर्यावरण संरक्षण हेतु हरेक नागरिक का कर्तव्य ।



## पर्यावरण मंत्री का संदेश

प्रिय छात्रो ! आज 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस है । मौसम में हो रहे परिवर्तन के कारण संसार के लोग चिंतित हैं । आजकल हमारे देश में भी अचानक आई बाढ़ (Flash Flood) जैसी समस्या पैदा हो रही है । आज मानव केवल अपना लाभ चाहता है । वह प्रकृति को हानि पहुँचा रहा है । विश्व की सुरक्षा एक चुनौती बन गई है । 25-27 सितंबर 2015 को न्यूयॉर्क में एक विशेष बैठक लगी थी । इसमें 193 देशों ने भाग लिया था । इस दौरान पर्यावरण के खतरों से बचने के लिए कई निर्णय लिए गए ।

सरकार मॉरीशस को एक साफ़ और हरा-भरा टापू बना रही है । इसके साथ ही यहाँ बेहतर स्वास्थ्य-सेवा तथा शिक्षा पर विशेष बल दिया जा रहा है । नए तरीके से खेती करने की सुविधाएँ मिल रही हैं । हवा और सूर्य से बिजली पैदा की जा रही है । स्मार्ट शहर बन रहे हैं । रिसाइक्लींग (Recycling) पर ज़ोर दिया जा रहा है । पर्यावरण का नुकसान करने वालों पर सख़्त कानून लागू है ।

छात्रों को पर्यावरण संबंधी नियम सिखाए जा रहे हैं। बच्चो ! तुम भी अच्छी आदतें अपनाओ। अधिक-से-अधिक पेड़-पौधे लगाओ। भोजन और पानी को बरबाद न करो। प्रकृति की रक्षा में ही हम सब की भलाई है।

पर्यावरण मंत्रालय
मॉरीशस सरकार

## 1.(अ) सही उत्तर चुनिए।

(क) विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है ?

(i) 5 जनवरी (ii) 5 जुलाई (iii) 25 सितंबर (iv) 5 जून

(ख) यह संदेश किसके लिए है ?

(i) छात्र (ii) पर्यावरण मंत्री (iii) संसार (iv) सरकार

(ग) आज मानव क्या चाहता है ?

(i) अपना लाभ (ii) अपनी हानि (iii) दूसरों का लाभ (iv) दूसरों की हानि

(घ) 25-27 सितंबर 2015 को बैठक कहाँ लगी थी ?

(i) मॉरीशस (ii) मंत्रालय (iii) न्यूयॉर्क (iv) पाठशाला

(ङ) कितने देशों ने बैठक में भाग लिया ?

(i) 25 (ii) 27 (iii) 193 (iv) 2015

## 1.(आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखिए।

(क) छात्रों के लिए संदेश किस अवसर पर दिया जा रहा है ?

(ख) संसार के लोग क्यों चिंतित हैं ?

(ग) सरकार मॉरीशस को कैसा टापू बनाना चाहती है ?

(घ) हमारी सरकार किस पर विशेष बल दे रही है ?

(ङ) हमें कैसी आदतें अपनानी चाहिए ? दो उदाहरण दीजिए।

## 2. निर्देशानुसार सही उत्तर पर ☑ का चिह्न लगाइए।

(क) 'उसके .................... में चोट लगी है।' इस रिक्त स्थान के लिए सही शब्द पहचानिए।

☐ पर ☐ पढ़ ☐ पेड़ ☐ पैर

(ख) 'पुलिस चोर के पीछे .................. (भागना)।' अपूर्ण भूतकाल बताइए।

☐ भागती है ☐ भाग रही है ☐ भागेगी ☐ भाग रही थी

(ग) 'संसार' शब्द का पर्यायवाची बताइए।

☐ गाँव ☐ देश ☐ टापू ☐ जगत

(घ) 'छात्र प्रतिदिन कॉलेज जाता है।' वाक्य में कर्ता पहचानिए।

☐ छात्र ☐ प्रतिदिन ☐ कॉलेज ☐ जाता है

(ङ) 'लाभ' शब्द का विलोम बताइए।

☐ उन्नति ☐ हानि ☐ फ़ायदा ☐ मुनाफ़ा

(च) 'भला' शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाइए।

☐ भलाई ☐ भली ☐ भले ☐ भालू

(छ) 'असुविधा' शब्द का बहुवचन बताइए।

☐ असुविधा ☐ सुविधाएँ ☐ असुविधाएँ ☐ असुविधाओं

(ज) शुद्ध वाक्य पहचानिए।

☐ सुरेश ने एक आम और एक इमली खाया। ☐ सुरेश ने एक आम और एक इमली खाए।

☐ सुरेश ने एक आम और एक इमली खाई। ☐ सुरेश ने एक आम और एक इमली खाईं।

## 3.(अ) कोष्ठक में दिए शब्दों के साथ 'सु' जोड़कर वाक्य पूरा कीजिए।

(क) माताजी हमें ........................ करने की सलाह देती हैं। (कर्म)

(ख) पिताजी को अपने ........................ पर गर्व है। (पुत्र)

(ग) ........................ पर चलो। (मार्ग)

(घ) श्री राम ........................ हैं। (पात्र)

(ङ) सभी उसकी ........................ की प्रशंसा करते हैं। (बुद्धि)

## 3.(आ) 'कु' प्रत्यय जोड़कर नया शब्द बनाइए ।

| उदाहरण : रूप | कुरूप |
|---|---|
| कर्म | |
| पुत्र | |
| मार्ग | |
| पात्र | |
| बुद्धि | |

## 4. निम्नलिखित विशेषणों के साथ 'ई' जोड़कर भाववाचक संज्ञा बनाइए ।

| विशेषण | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|
| अच्छा | अच्छाई |
| भला | |
| बुरा | |
| लंबा | |
| ऊँचा | |
| चौड़ा | |

## 5.(अ) निम्नलिखित पुल्लिंग शब्दों के बहुवचन बनाइए।

| एकवचन | वहुवचन |
|---|---|
| छात्र से | छात्रों से |
| मानव का | |
| फूल से | |
| बेटे का | बेटों का |
| पौधे को | |
| बच्चे ने | |
| शत्रु को | शत्रुओं को |
| पशु के | |
| टापू में | |

## 5.(आ) निम्नलिखित स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन बनाइए।

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| कहानी में | कहानियों में |
| चुनौती का | |
| परी से | |
| गरमी में | |
| छात्रा ने | छात्राओं ने |
| समस्या से | |
| सुविधा के | |
| पाठशाला में | |

## 6.(अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद अंग्रेज़ी में कीजिए।

प्रदूषण को रोको। पर्यावरण की रक्षा करो। पेड़-पौधे लगाओ। अच्छी आदतें अपनाओ। दुनिया को सुंदर बनाओ।

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

| | | |
|---|---|---|
| प्रदूषण - pollution | पर्यावरण - environment | बचाओ - save |

## 6.(आ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद हिंदी में कीजिए।

Our country is a paradise. There are many birds here. They are very beautiful and colourful. Some of them are found only in Mauritius. We should protect them.

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

| | | |
|---|---|---|
| Paradise - स्वर्ग | colourful - रंग-बिरंगे | protect - रक्षा |

## 7. निम्नलिखित सरल वाक्यों को संयुक्त वाक्य में बदलिए।

(क) रवि 14 साल का है। वह कॉलेज जाता है।

..............................................................................................................................

(ख) वर्षा होती है। खेत हरे-भरे हो जाते हैं।

..............................................................................................................................

(ग) माली सोया था। चोर बाग में घुस गया।

..............................................................................................................................

(घ) बालक कहानी सुन रहा है। वह बहुत खुश है।

..............................................................................................................................

(ङ) वह मेरा मित्र है। मुझसे मदद चाहता है।

..............................................................................................................................

## 8. निम्नलिखित भाषण को पूरा कीजिए।

प्यारे मित्रो !

नमस्ते।

यह खुशी का अवसर है। आशना अपना जन्मदिन मना रही है। इस मौके पर मैं............ कुछ कहना चाहता/ चाहती हूँ। आज आशना............ साल की हो रही है। हम दोनों एक-दूसरे को स्कूल के समय से ही जानते हैं।

आशना एक बहुत ही प्यारी लड़की है। वह सबकी मदद ..............................

..............................................................................................

आशना ! तुम हमेशा इसी तरह हँसती-मुस्कुराती रहो। इस शुभ दिन पर हम तुम्हें बहुत-बहुत बधाइयाँ देते हैं। हमारी शुभकामनाएँ तुम्हारे साथ हैं।

## 9.(अ) पढ़िए और समझिए।

| एकवचन ( ू / ु ) | बहुवचन ( ु ) |
|---|---|
| चाकू से मत खेलो। | चाकुओं से मत खेलो। |
| खुशबू से घर महक उठा। | खुशबुओं से घर महक उठा। |
| बहू खूब काम करती है। | बहुएँ खूब काम करती हैं। |
| वस्तु को साफ़ रखना चाहिए। | वस्तुओं को साफ़ रखना चाहिए। |
| शत्रु को भी मित्र बनाओ। | शत्रुओं को भी मित्र बनाओ। |
| जीव-जंतु की रक्षा करो। | जीव-जंतुओं की रक्षा करो। |


## 9.(आ) पढ़िए और जानिए।

बीज



Seed

अंकुर



Germ

कली




Bud

फूल



Flower

तना




Stem

पत्ता




Leaf

जड़




Root

फल




Fruit

काँटा




Thorn

पत्ती



A small leaf

शाखा, टहनी, डाल




Branch

छाल




Bark

छिलका



Peel

पराग



Pollen

गुच्छा



Bunch/Cluster

## 10. संप्रेषण-कौशल।

(क) 'पर्यावरण' से संबंधित एक कविता कक्षा में सुनाइए।

(ख) निम्नलिखित बिंदुओं पर आधारित एक पोस्टर तैयार कीजिए।

- मॉरीशस के कुछ कारखाने
- प्रदूषण ( थल, जल, वायु, ध्वनि )
- पर्यावरण मंत्रालय का योगदान
- 'Go green' परियोजना

(ग) निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए 'पर्यावरण की रक्षा' पर एक निबंध लिखिए।

- आपका और आपके परिवार का कर्तव्य
- आपके कॉलेज में आयोजित गतिविधियाँ
- पर्यावरण मंत्रालय की भूमिका

# 7. हिंद महासागरीय टापू खेल

**शिक्षण-संकेत**

बहुवैकल्पिक प्रश्न, सर्वनाम, पुल्लिंग, क्रिया-विशेषण विलोम शब्द, आमंत्रण पत्र, संवाद, सस्वर वाचन और संप्रेषण-कौशल।

**मूल्य-बोध**

व्यक्तित्व और राष्ट्रीय पहचान, समानता की भावना, दृढ़ विश्वास, मेहनत का फल मीठा होता है।




**पहला दृश्य**

*(आकाश और गीता दोनों पति-पत्नी बैठक में हैं। गीता रो रही है। उसकी गोद में बच्चा है।)*

आकाश : गीता ! यह बच्ची हमें नहीं चाहिए। इसका दायाँ हाथ एकदम बेकार है। हम इसे अनाथालय में छोड़ आएँगे। हमारे सामने यही एक रास्ता है।

गीता : ऐसा मत कहो, यह हमारी बेटी है।

आकाश : ऐसी बेटी मुझे नहीं चाहिए।

गीता : तुम्हें इसके प्रति तनिक भी दया नहीं है ?

आकाश : नहीं, मेरी बात मानो वरना मैं घर छोड़कर चला जाऊँगा।

गीता : ठीक है, जाओ। यह माँ अपनी बच्ची को अकेली ही पाल लेगी।

**दूसरा दृश्य**

*(सोलह साल बाद - गीता अपने पड़ोसियों के साथ घर पर टीवी देख रही है। सब हिंद महासागरीय टापू खेल का सीधा प्रसारण देख रहे हैं।)*

राज : गीता बहन, बधाई हो। हमारी शीतल ने तो कमाल कर दिखाया।

गीता : आज तो मैं खुशियाँ मनाऊँगी।

सुनीता : हाँ गीता ! तुम्हारी बेटी तो हीरा है।

वीणा : गीता ! शीतल बेटी का तो भाग्य चमक गया।

गीता : हाँ वीणा बहन ! मेरी शीतल ने बहुत मेहनत की है। वह रोज़ सुबह तैराकी का अभ्यास करती रही है। आज उसे अपनी मेहनत का फल मिल गया है।

**तीसरा दृश्य**

*(शीतल गले में सोने का पदक पहने घर लौटती है। गीता उसे आशीर्वाद देती है।)*

**शीतल** : माँ यह तुम्हारे विश्वास का ही फल है।

*(माँ और बेटी गले मिलती हैं। आकाश दरवाज़े के पास खड़ा देख रहा है।)*

**आकाश** : हीरे को मैं पहचान नहीं पाया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी भूल थी।

## 1.(अ) सही उत्तर चुनिए।

(क) आकाश और गीता कहाँ बात कर रहे हैं ?

(i) बाग में (ii) रसोईघर में (iii) बैठक में (iv) पड़ोसी के घर

(ख) आकाश अपनी बेटी को कहाँ छोड़ना चाहता है ?

(i) स्कूल में (ii) अनाथालय में (iii) आश्रम (iv) रास्ते पर

(ग) दूसरा दृश्य कितने साल बाद की घटना दिखाता है ?

(i) दो साल (ii) चार साल (iii) दस साल (iv) सोलह साल

(घ) गीता अपने पड़ोसियों के साथ टीवी पर क्या देख रही है ?

(i) अफ़्रीकी खेल (ii) ऑलिंपिक खेल

(iii) हिंद महासागरीय टापू खेल (iv) यूरोपीय खेल

(ङ) गीता की बेटी का क्या नाम है ?

(i) हीरा (ii) सुनीता (iii) वीणा (iv) शीतल

## 1.(आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखिए।

(क) शीतल का कौन-सा हाथ बेकार है ?

(ख) आकाश घर छोड़कर क्यों जाता है ?

(ग) गीता के पड़ोसियों के नाम बताइए।

(घ) गीता क्यों खुशियाँ मनाएगी ?

(ङ) आकाश के जीवन की सबसे बड़ी भूल क्या थी ?

## 2. निर्देशानुसार उचित विकल्प पर ☑ लगाइए।

(क) 'सर्वनाम' को पहचानिए।

☐ को ☐ कि ☐ के लिए ☐ हम

(ख) पुल्लिंग शब्द को पहचानिए।

☐ बस्ता ☐ माता ☐ बकरी ☐ लड़की

(ग) ‘8’ के लिए सही हिंदी शब्द चुनिए।

☐ दस ☐ चार ☐ आठ ☐ पाँच

(घ) ‘क्रिया विशेषण’ पहचानिए।

☐ नया ☐ छोटा ☐ काला ☐ जल्दी

(ङ) ‘सुख’ का विलोम बताइए।

☐ दुखी ☐ दुख ☐ दुखमय ☐ दुखद

## 3. कोष्ठक में दी गई क्रियाओं को भविष्यत काल में लिखिए।

**उदाहरण :** वे घर पर टीवी **देखेंगे** । (देखना)

(क) कल मैं बाज़ार से फल ................................. । (खरीदना)

(ख) अगले साल तुम स्कूल ................................. । (आना)

(ग) हम सब मिलकर कोरोना बीमारी से ................................. । (लड़ना)

(घ) क्या आप हमारा काम ................................. ? (करना)

(ङ) रात को वह जल्दी ................................. । (सोना)

## 4.(अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद अंग्रेज़ी में कीजिए।

स्कूल में बच्चे पढ़ते हैं। खाली समय में वे खेलते हैं। खेलने से बच्चे स्वस्थ रहते हैं। वे अनेक खेल खेलना पसंद करते हैं। खेलने से बच्चों को खुशी मिलती है।

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

पढ़ते हैं - study    खाली समय - free time    स्वस्थ - healthy    पसंद - like    खुशी - joy

## 4.(आ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद हिंदी में कीजिए।

My sister likes swimming. She goes to the swimming pool twice a week. She participates in swimming competitions. She wins many medals. We are all proud of her.

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

swimming - तैरना    swimming pool - तरणताल    twice a week - सप्ताह में दो बार
participates - भाग लेती है    swimming competitions - तैराकी प्रतियोगिताएँ
medals - पदक    proud - गर्व

## 5. इन चित्रों को उचित खेलों के नाम से मिलान कीजिए।



बैडमिंटन



फ़ुटबॉल



टेबल-टैनिस



वॉलीबॉल



बास्केटबॉल



बॉक्सिंग



टेनिस



क्रिकेट

## 6.(अ) पढ़िए और समझिए।

| वाक्य | क्रिया-विशेषण |
|---|---|
| (क) घोड़ा दौड़ता है। | घोड़ा **तेज़** दौड़ता है। |
| (ख) दादाजी चलते हैं। | दादाजी **धीरे-धीरे** चलते हैं। |
| (ग) रवि अध्यापक की बात सुनता है। | रवि अध्यापक की बात **ध्यानपूर्वक** सुनता है। |
| (घ) लड़का जाता है। | लड़का **वहाँ** जाता है। |
| (ङ) बच्चे खेलते हैं। | बच्चे **बाहर** खेलते हैं। |

## 6.(आ) सही क्रिया-विशेषण चुनकर निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए।

बहुत | दाएँ | इधर | सदा | जल्दी-जल्दी | **नीचे**

**उदाहरण :** बिल्ली मेज़ के **नीचे** बैठी है।

(क) वह ...................... हँसता है।

(ख) हमें .................. और बाएँ देखकर ही रास्ता पार करना चाहिए।

(ग) वह ........................ खाना खाता है।

(घ) तुम .................चलो, उधर रास्ता ठीक नहीं है।

(ङ) मेरा मित्र .................... सच बोलता है।

## 7. इस आमंत्रण पत्र को ध्यान से पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

### वार्षिक क्रीड़ा-दिवस

***"खेलेगा मॉरीशस तभी तो बढ़ेगा मॉरीशस"***

प्रेसिडेंसी कॉलेज आपको अपने वार्षिक क्रीड़ा-दिवस के अवसर पर सहर्ष आमंत्रित करता है।

| | | |
|---|---|---|
| **स्थान** | : | मारीज़ जूस्तें स्टेडियम, रेज्वी |
| **दिनांक** | : | 20 अगस्त 2021 |
| **समय** | : | सुबह 9:00 से दोपहर 14:30 तक |
| **अध्यक्षता** | : | रेक्टर, श्रीमती अंजनी रामभरत |
| **मुख्य अतिथि** | : | राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, स्टेफ़ान बकलंड |

कृपया अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का गौरव बढ़ाएँ एवं उन्हें प्रोत्साहित करें।

(क) आमंत्रण पत्र किस स्कूल का है ?

(ख) वार्षिक क्रीड़ा-दिवस कितने घंटों का है ?

(ग) क्रीड़ा-दिवस का आयोजन कहाँ किया गया है ?

(घ) किसे मुख्य अतिथि बनाया गया है ?

(ङ) मेहमानों को क्यों आमंत्रित किया गया है ?

## 8. प्रस्तुत संवाद को ध्यान से पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**रोहन** : **आशा** ! तुम रोज़ शाम को कहाँ जाती हो ?

**आशा** : मैं तरणताल जाती हूँ। मुझे तैरना बहुत पसंद है।

**रोहन** : तुम्हें सरदी के इस मौसम में ठंड नहीं लगती ?

**आशा** : बिलकुल नहीं। सरदी में तरणताल के पानी को गरमाया जाता है।

**रोहन** : मैं तो गहरे पानी को देखते ही काँपने लगता हूँ । वैसे भी, मुझे तुम्हारी तरह तैराक नहीं बनना है ।

**आशा** : अरे बुद्धू ! तैरना एक व्यायाम है। इससे शरीर की ताकत बढ़ती है। दिन की सारी थकान भी दूर हो जाती है।

**रोहन** : अच्छा ! तब तो मुझे भी तैरना सीखना चाहिए।

**आशा** : ओह ! तो तुम्हें तैरना नहीं आता ? ठीक है, मैं तुम्हें सिखा दूँगी।

### प्रश्न

(क) आशा रोज़ शाम को कहाँ जाती है ?

(ख) सरदी के समय तरणताल का पानी कैसा होता है ?

(ग) रोहन पानी को देखकर क्यों काँपने लगता है ?

(घ) तैरने के दो लाभ बताइए।

(ङ) किसे तैरना आता है ?

## 9. संप्रेषण-कौशल

(क) अपने मनपसंद खेल पर एक पोस्टर बनाइए।

(ख) आप क्यों खेलना पसंद करते हैं ? इस पर कुछ वाक्य दिए गए हैं। इन्हें उचित क्रम में लिखिए।

1. खेलों की खुशी से हम अपनी सारी परेशानियाँ भूल जाते हैं।
2. मैदान में दौड़कर मित्रों को पकड़ना, वॉलीबॉल खेलना आदि बाहरी खेल के ही कई रूप हैं।
3. मुझे भी खेल बहुत प्रिय है।
4. जब मैं किसी के साथ खेलता हूँ तब मुझे बहुत आनंद मिलता है।
5. खेल कई तरह के होते हैं।
6. हम आपस में खेलते समय खूब हँसते हैं।
7. कुछ खेल बाहर खेले जाते हैं तो कुछ अंदर।
8. मैं तो अपने दोस्तों के साथ बाहर खेलना पसंद करता हूँ।
9. सभी बच्चे खेलना पसंद करते हैं।
10. खेलने से शरीर और मन स्वस्थ होते हैं।

## 10. कविता का सस्वर पठन कीजिए।

# खेल हमें सिखलाते

खेलों की दुनिया का जादू ,
खेल हमें सिखलाते
आओ बच्चो आज तुम्हें मैं,
एक बात बतलाऊँ
खेलों का कितना महत्त्व है ?
यह तुमको समझाऊँ
खेलों से सब कुछ मिल सकता,
हमको हँसते-गाते।

खेलों की दुनिया का जादू,
खेल हमें सिखलाते।
खेल-खेल में सारे बच्चे,
सेहत खूब बनाते
उछल कूद कर मस्ती करते,
जीवन का सुख पाते
यह आनंद बिना पैसों के,
हम खेलों से पाते।

खेल खेलने से ही बच्चो,
खेल-भावना आती
खेल-खेल में जीवन के सब,
बिगड़े काम बनाती
हार-जीत से ऊपर उठकर,
हम आदर्श हैं बनते।

रुपया-पैसा, धन-दौलत सब,
खेलों से मिल जाता
सचिन घुमाकर अपना बल्ला,
लाखों लाख कमाता
नाम और धन पाकर दोनों,
फूले नहीं समाते।

*- डॉ. परशुराम शुक्ला*

# NCE परीक्षा हेतु मॉडल प्रश्न पत्र - 2

Question 1

## सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए।

1. रमेश ने रोटी और केला ......................... ।

क. खरीदता    ख. खरीदे    ग. खरीदा    घ. खरीदी

2. ........................ भावेश मेहनत करता तो ज़रूर सफल होता।

क. अगर    ख. मगर    ग. चाहे    घ. तब

3. अपने अच्छे मित्र की बुरी हालत देखकर रवि ................................. ।

क. दंग रह गया    ख. नाम कमाया    ग. जी चुराया    घ. घी के दीये जलाया

4. तुम यहाँ ..................... कर रहे हो ?

क. कब    ख. क्यों    ग. क्या    घ. कौन

5. डॉक्टर गाँववालों के ............................ जीवन में बदलाव लाए।

क. दिन    ख. दीनता    ग. दैनिक    घ. दिवस

6. रोहन प्रतिदिन मिठाई ............................ ।

क. खाता है    ख. खाएगा    ग. खाती है    घ. खाती थी

7. कैकई ने राजा दशरथ से दो ........................ माँगे।

क. वर    ख. बार    ग. वधू    घ. बाघ

8. कल स्कूल नहीं है ......................... मूसलाधार वर्षा की चेतावनी जारी कर दी गई है।

क. ताकि ख. जबकि ग. क्योंकि घ. इसलिए

9. शशि! क्या ........................ गुलाब के फूल बहुत अच्छे लगते हैं ?

क. तू ख. तुम ग. तुम्हें घ. तेरा

10. कोरोना बीमारी से बचने के लिए सरकार जनता में ........................ पैदा कर रही है।

क. जगना ख. जागना ग. जागरूकता घ. जगाना

11.'ज्ञान' शब्द के साथ उपसर्ग जोड़कर नवीन शब्द बनाइए: ..............................

12. शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए।

जो कहानी लिखता है : .......................................

13. उचित विराम चिह्न लगाइए।

वाह, कितना सुंदर दृश्य है ............ ( , । ? ! )

14. 'छात्र' शब्द के सही रूप से वाक्य पूरा कीजिए।

क. सभी ................... ने खेल में भाग लिया।

ख. आज इस कक्षा के दो ................. अनुपस्थित हैं।

ग. एक ही ................. को इनाम मिलेगा।

15. 'हाथी' शब्द का स्त्रीलिंग रूप लिखिए : ............................

Question 2

## सही शब्द चुनकर खाली जगहों को भरिए।

(क) आप्रवासी घाट ................................... में पाया जाता है।

(i) क्यूर्पिप (ii) रोज़हिल (iii) पोर्ट-लुई (iv) मोका

(ख) गाड़ी के .............................. में हवा नहीं है।

(i) पहिए (ii) सीट (iii) डिक्की (iv) इंजन

(ग) पिताजी ....................... द्वारा मॉरीशस से अमेरिका गए।

(i) रेलगाड़ी (ii) बस (iii) हवाई जहाज़ (iv) साइकल

(घ) माँ ......................... से कपड़ा धोती है।

(i) तेल (ii) शरबत (iii) दूध (iv) पानी

(ङ) ........................... का पानी नमकीन होता है।

(i) समुद्र (ii) नदी (iii) नल (iv) वर्षा

Question 3

## व्यक्तिवाचक और जातिवाचक संज्ञा पहचानिए।

| वाक्य | व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा |
|---|---|---|
| मोहन नदी जा रहा है। | | |
| लड़की त्रियोले रहती है। | | |
| मॉरीशस एक सुंदर देश है। | | |
| कमला को फल बहुत पसंद है। | | |
| मेरे मित्र का नाम राहुल है। | | |

Question 4

## (अ) दिए गए शब्दों से खाली जगहों को भरिए।

| प्रभावित | पर्यावरण | आदतें | धरती | गंभीर |
|---|---|---|---|---|

हमारी ...................... सुंदर है। हमें मिलकर अपने .......................... की रक्षा करनी चाहिए। प्रदूषण एक ................................ समस्या है। संपूर्ण विश्व इससे ................ ...................... है। हमें अच्छी ............................ अपनानी चाहिए।

## (आ) उचित शब्दों से खाली जगहों को भरिए।

हमें प्रतिदिन अपने घर-आँगन की ............................ करनी चाहिए। कई लोग इधर-उधर ................. फेंक देते हैं। कारखाने गंदा पानी ............................ में छोड़ देते हैं। इसके कारण इसमें पाई जाने वाली ....................... मर जाती हैं। इसे ................ प्रदूषण कहते हैं। मैला पानी पीने से हम भी ..................... हो जाते हैं।

Question 5

## कोष्ठक में दिए गए शब्दों से नए शब्द बनाकर खाली जगहों को पूरा कीजिए।

पर्यटक.......................... (समुद्र) इलाकों में टहलना पसंद करते हैं। हमारे देश की ........................ (सुंदर) और ............................ (हरा) उन्हें आकर्षित करती है। उन्हें ........................ (इतिहास) जगहों में घूमना अच्छा लगता है। वे .................. (संस्कृति) कार्यक्रमों का भी खूब आनंद लेते हैं।

Question 6

## ध्यान से आमंत्रण पत्र पढ़िए और सही उत्तर लिखिए।

**श्री गणेशाय नमः**

ईश्वर की असीम कृपा से श्रीमान और श्रीमती सुशील राय अपनी सुपुत्री

हर्षा

का पाँचवाँ जन्मदिन मनाने जा रहे हैं।

तिथि: सोमवार 30 अगस्त 2021

समय: शाम के छह बजे

आप सपरिवार आमंत्रित हैं।

रात्रि के 7 बजे भोजन से आपका सत्कार किया जाएगा।

पता : सांईं मंदिर गली, बो बासें

**उदाहरण :** बच्ची का नाम : **हर्षा**

1. पिताजी का नाम : ...........................................
2. बच्ची की उम्र : ...........................................
3. जन्मदिन की तिथि : ...........................................
4. समारोह का समय : ...........................................
5. भोजन का समय : ...........................................

Question 7

**आपके कॉलेज ने गरमी की छुट्टियों में एक यात्रा का आयोजन किया है। आप उस यात्रा पर जाना चाहते/चाहती हैं, पर आपके पिताजी मना कर रहे हैं। आप उनको कैसे मनाते/मनाती हैं, इस विषय पर एक वार्तालाप लिखिए।**

निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर 50-60 शब्दों का वार्तालाप लिखिए।

- महत्वपूर्ण शैक्षिक यात्रा
- पूरी कक्षा का सम्मिलित होना
- मनोरंजक स्थल की यात्रा
- ऐतिहासिक जगह

मैं : ..........................................................................................

..........................................................................................

पिताजी : ..........................................................................................

मैं : ..........................................................................................

..........................................................................................

पिताजी : ..........................................................................................

मैं : ..........................................................................................

..........................................................................................

पिताजी : ..........................................................................................

मैं : ..........................................................................................

..........................................................................................

पिताजी : ..........................................................................................

Question 8

## इस पाठ को ध्यान से पढ़िए।

शीला नामक एक धनवान महिला एक आलीशान घर में अकेली रहती थी। उसका घर सोने, चाँदी और पैसों से भरा था। एक दिन उसकी आँखें लाल हो गईं। उनमें जलन होने लगी और धीरे-धीरे उनकी रोशनी जाती रही। उसने शहर के एक नामी डॉक्टर महेश को बुलाकर कहा, " अगर आप मेरी आँखें ठीक कर देंगे तो मैं आपको मालामाल कर दूँगी।" डॉक्टर तुरंत मान गए।

इलाज शुरू हुआ। पहले दिन डॉक्टर ने दोनों आँखों में दवा लगाई और पट्टी बाँध दी। घर से निकलते समय उसकी नज़र मेज़ पर रखे सोने के ज़ेवर और पैसों पर पड़ी। उन्होंने कुछ नोट और दो कंगन उठाकर अपनी जेब में डाल दिए।

दूसरे दिन डॉक्टर ने आँखों की पट्टी बदली और कुछ अन्य सामान लेकर चलते बने। यह सिलसिला एक सप्ताह तक चला। पट्टी खुलने के दिन शीला की खुशी का ठिकाना न था। उसकी आँखों की रोशनी फिर से आने वाली थी। पट्टी खुली तो वह दंग रह गई। उसके घर के सभी कीमती सामान गायब थे। उसे बात समझने में देर न लगी।

जब डॉक्टर ने पैसों की माँग की तो शीला ने बताया, "मैं तुम्हें पैसे कैसे दे दूँ ? मुझे तो कुछ दिखाई नहीं दे रहा है।" डॉक्टर आग बबूला हो गए। बात न्यायालय तक पहुँच गई। शीला से पूछ-ताछ की गई, "आप डॉक्टर को पैसे देने से इनकार क्यों कर रही हैं ?"

शीला ने उत्तर दिया, "इलाज के बाद मुझे मेरे सोने, चाँदी और पैसे दिखाई नहीं दे रहे हैं। अत: मैं अंधी ही रही। " महिला का इशारा समझकर अदालत ने डॉक्टर पर कार्यवाही करने का आदेश दिया। अंत में शर्मिंदा होकर डॉक्टर ने चुराए पैसे और सामान वापस करके महिला से अपनी भूल के लिए माफ़ी माँगी।

## प्रश्न:

1. कौन एक आलीशान घर में रहता था ?

.............................................................................................

.............................................................................................

2. महिला की आँखों को क्या हुआ ?

.............................................................................................

.............................................................................................

3. किसको इलाज के लिए बुलाया गया ?

.............................................................................................

.............................................................................................

4. पहले दिन डॉक्टर ने क्या चुराया ?

.............................................................................................

.............................................................................................

5. पट्टी खुलने के दिन महिला क्यों बहुत खुश थी ?

.............................................................................................

.............................................................................................

6. किस बात से पता चलता है कि महिला की आँखें ठीक हो गई थीं ?

.............................................................................................

.............................................................................................

7. डॉक्टर आग बबूला क्यों हुए ?

.......................................................................................

.......................................................................................

8. पूछ-ताछ करने पर महिला ने अपनी सफ़ाई में क्या कहा ?

.......................................................................................

.......................................................................................

9. इस पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

.......................................................................................

.......................................................................................

10. पाठ में आए निम्नलिखित किन्हीं **तीन** शब्दों का अर्थ लिखिए:

आलीशान : ...............................................................

नामी : ...............................................................

मालामाल : ...............................................................

कीमती : ...............................................................

इनकार : ...............................................................

11. पाठ में आए निम्नलिखित किन्हीं तीन शब्दों का विलोम शब्द लिखिए।

धनवान (पहला अनुच्छेद) : ..............................................

धीरे-धीरे (पहला अनुच्छेद) : ..............................................

शहर (पहला अनुच्छेद) : ..............................................

शुरू (दूसरा अनुच्छेद) : ..............................................

उत्तर (चौथा अनुच्छेद) : ..............................................

Question 9

## (अ) हिंदी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए।

क. बबीता ग्रेड 9 + की छात्रा है। - ..........................................

ख. वह गीत नहीं गाती है। - ..........................................

ग. वह बहुत अच्छा नाचती है। - ..........................................

घ. उसने अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। - ..........................................

ङ. बबीता ने कई इनाम जीते हैं। - ..........................................

## (आ) अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद कीजिए।

i. My friend's house is very beautiful.

...................................................................................

ii. It is situated by the seaside.

...................................................................................

iii. It has many rooms.

...................................................................................

iv. The bedrooms are big and airy.

...................................................................................

v. The sitting room has a good view of the seaside.

...................................................................................

Question 10

## किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों का एक निबंध या कहानी लिखिए।

एक यादगार दिन

अथवा

एक कहानी लिखिए जिससे यह शिक्षा मिलती है : -

"जीवन में किसी को धोखा नहीं देना चाहिए।"

# 8. 'सोफ़िया' से एक भेंट

**शिक्षण-संकेत**

बहुवैकल्पिक प्रश्न, सर्वनाम, क्रिया, विभक्ति, सूचना-पत्र, ई-मेल, लिंग, वचन क्लोज़ टेस्ट और संप्रेषण-कौशल ।

**मूल्य-बोध**

कई क्षेत्रों में रोबोट सर्वश्रेष्ठ हो सकते हैं, लेकिन उनमें मनुष्य जैसी बुद्धि एवं संवेदना नहीं हो सकती । इस कारण मनुष्य की स्थिति सर्वश्रेष्ठ प्राणी की है ।



ईशाना ग्रेड 9 की छात्रा है। उसे अपने स्कूल की तरफ़ से सोफ़िया रोबोट से बात करने के लिए चुना गया है। सोफ़िया मानव की तरह बोलती है, हँसती है और लगभग सभी प्रश्नों के उत्तर भी देती है।

**ईशाना** : सोफ़िया, तुम क्यों दूसरे देश जाना पसंद करती हो ?

**सोफ़िया** : मैं दूसरे देशों के बारे में जानना पसंद करती हूँ। मुझे वहाँ के लोगों से मिलकर,उनसे बातें करना अच्छा लगता है। उनके बारे में नई-नई जानकारी मिलती है।

**ईशाना** : तुम्हें किसने बनाया है ?

**सोफ़िया** : मुझे हांग-कांग के हेनसन रोबोटिक्स ने बनाया है। मैं पहली बार मार्च 2016 में जनता के सामने आई थी। मुझमें 62 से अधिक मानव जैसी भावनाएँ हैं।

**ईशाना** : क्या तुम हमारी सहायता कर सकती हो ?

**सोफ़िया** : हाँ ! मैं मनुष्य के लिए बहुत लाभदायक हो सकती हूँ परंतु मैं मानव की तरह सोच नहीं सकती।

ईशाना समझ गई कि मनुष्य रोबोट से बेहतर है क्योंकि उसीने रोबोट को बनाया है।

## 1.(अ) सही उत्तर चुनिए।

(क) सोफ़िया से बात करने के लिए किसे चुना गया था ?

(i) छात्रों को (ii) ईशाना को (iii) रोबोट को (iv) हेनसन को

(ख) सोफ़िया किसकी तरह बोलती है ?

(i) मानव (ii) हेनसन (iii) ईशाना (iv) हांग कांग

(ग) सोफ़िया दूसरे देश जाना क्यों पसंद करती है ?

(i) रोबोट बनाने के लिए (iii) सहायता करने के लिए

(ii) काम करने के लिए (iv) उन देशों के बारे में जानने के लिए

(घ) सोफ़िया कब जनता के सामने आई थी ?

(i) जनवरी 2017 (ii) फरवरी 2016 (iii) मार्च 2016 (iv) अप्रैल 2017

(ङ) सोफ़िया रोबोट में मानव जैसी कितनी भावनाएँ हैं ?

(i) 9 से अधिक (ii) 16 से अधिक (iii) 20 से अधिक (iv) 62 से अधिक

## 1.(आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखिए।

(क) ईशाना किस ग्रेड की छात्रा है ?

(ख) सोफ़िया को किस कंपनी ने बनाया है ?

(ग) सोफ़िया किसकी सहायता कर सकती है ?

(घ) सोफ़िया मनुष्य की तरह क्या नहीं कर सकती है ?

(ङ) मनुष्य रोबोट से क्यों बेहतर है ?

## 2. निर्देशानुसार उचित विकल्प पर ☑ लगाइए।

(क) उपसर्ग से बना शब्द पहचानिए।

☐ निवासी ☐ मिठाई ☐ लंबाई ☐ कहानी

(ख) 'दादीजी हमें सुंदर-सुंदर कहानियाँ सुनाती थीं।' इस वाक्य का काल पहचानिए।

☐ वर्तमान काल ☐ सामान्य भूतकाल ☐ भविष्यत काल ☐ अपूर्ण भूतकाल

(ग) स्त्रीलिंग शब्द चुनिए।

☐ मछली ☐ हाथी ☐ घी ☐ आदमी

(घ) क्रिया-विशेषण पहचानिए।

☐ शांत ☐ शांति ☐ शांतिपूर्वक ☐ शांतिमय

(ङ) 'जो आकाश में घूमता है' के लिए एक शब्द लिखिए।

☐ जलचर ☐ वनचर ☐ नभचर ☐ थलचर

## 3. इस सूचना को ध्यान से पढ़िए और सही उत्तर लिखिए।



### फ़ुटबॉल मैच



शनिवार **19 जून 2021** निम्न दो टीमों के बीच एक रोमांचक फ़ुटबॉल मैच खेला जाएगा।

MF Club

**मोका फ़्लाक क्लब**

और

**रोज़ बेल युनाइटेड**

RB United

**टिकट :** *200 रुपये*

**स्थान :** *कोत दोर काँप्लेक्स*

**समय :** *शाम 4.00 बजे*

कृपया आकर खिलाड़ियों का साहस बढ़ाएँ।

प्राप्त धन-राशि प्रधानमंत्री राहत-कोष में दी जाएगी।

धन्यवाद।

**उदाहरण : फ़ुटबॉल मैच की तिथि :** **शनिवार 19 जून 2021**

क. टिकट का मूल्य : ..........................................

ख. फ़ुटबॉल मैच का स्थान : ..........................................

ग. फ़ुटबॉल मैच का समय : ..........................................

घ. दोनों टीमों के नाम : (i) ............................ (ii) .........

ङ. प्राप्त धन-राशि कहाँ दी जाएगी ? : ..........................................

## 4. दिए गए लेख को ध्यान से पढ़िए।

### कोरोना वायरस

कोरोना वायरस को महामारी घोषित किया गया है। यह बीमारी एक से अधिक देशों में फैल चुकी है। कोरोना वायरस ने पूरे विश्व में हाहाकार मचा दिया है। यह महामारी पूरे विश्व के लिए संकट बन गई है।

कोरोना वायरस की शुरुआत चीन के वुहान **प्रांत** से हुई थी। धीरे-धीरे यह वायरस संसार के अनेक देशों में फैल गया। इससे चीन में हज़ारों लोगों की मृत्यु हुई थी। संसार के अन्य देशों में भी इससे लाखों लोगों की जान चली गई है। सभी देशों ने विदेशियों के आने-जाने पर रोक लगा दी थी।

इस महामारी से बचने के कई **उपाय** बताए गए हैं - हाथ को अच्छी तरह से बार-बार धोना, मास्क पहनना, किसी से हाथ न मिलाना, खाने पर ध्यान देना आदि। इस बीमारी के लक्षण दिखने पर **तुरंत** डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

## अब इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखिए।

(क) कोरोना वायरस को महामारी क्यों घोषित किया गया है ?

(ख) कोरोना वायरस की शुरुआत कहाँ से हुई थी ?

(ग) सभी देशों ने विदेशियों के आने-जाने पर क्या किया ?

(घ) इस महामारी से बचने के तीन उपाय बताइए।

(ङ) इन शब्दों के अर्थ लिखिए।

विश्व - .................. संकट - .................. प्रांत - ..................

उपाय - .................. तुरंत - ..................

## 5. निम्न ई-मेल को ध्यान से पढ़िए और दिए गए उचित शब्दों से खाली जगहों को भरिए।

प्यारी दीदी,
नमस्ते।

आप कैसी हैं ? मैं ठीक हूँ। आज बारिश के कारण घर पर ही हूँ। शायद आपने भी इंटरनेट पर देखा होगा कि मॉरीशस में भारी वर्षा हो रही है। इसलिए आज यहाँ सभी स्कूल बंद हैं।
हमारे गाँव की नदियाँ उमड़ आई हैं। सड़कों पर पानी भर आया है। इसके कारण रास्ते पर गाड़ी चलाने में कठिनाइयाँ हो रही हैं।
माताजी और पिताजी काम पर गए हैं। मैं दादी के साथ आनंदपूर्वक घर पर हूँ। उन्होंने मेरे लिए बहुत स्वादिष्ट भोजन बनाया है। आज के लिए इतना ही और कुछ नया हो तो जानकारियाँ दूँगी।
आप अपना ध्यान रखिएगा। जीजाजी को नमस्ते कहिएगा।

आपकी प्यारी बहन
काजल



(क) ..........................ने ई-मेल भेजा है। ( दीदी, काजल, दादाजी, जीजाजी)

(ख) हमारे गाँव ..........................नदियाँ उमड़ आई हैं। (का, की, के, को )

(ग) ..........................पर पानी भर आया है। ( सड़क, सड़कें, सड़कों, सड़के)

(घ) उन्होंने ........................स्वादिष्ट भोजन बनाया है। ( मेरा, मेरे, मेरे लिए, मुझे)

(ङ) मैं ..........................नई जानकारियाँ दूँगी। ( आप, आपकी, आपको, आपके लिए)

## 6. उदाहरण के अनुसार स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन लिखिए।

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| गाड़ी | **गाड़ियाँ** | कठिनाई | **कठिनाइयाँ** |
| खाड़ी | | अच्छाई | |
| घड़ी | | कलाई | |
| छड़ी | | चारपाई | |
| साड़ी | | मिठाई | |
| पगड़ी | | लड़ाई | |

## 7.(अ) दिए गए शब्दों से खाली जगहों की पूर्ति कीजिए।

दुनिया | शोर | जीवन | मस्ती | **चिंता**

बचपन जीवन का सबसे अनमोल पल है। बचपन के वे दिन ......**चिंता**...... से भरे होते थे। उन दिनों न तो किसी की .................. थी और न ही किसी से मतलब था। हम तो केवल अपनी .................... में खोए रहते थे। .................... मचाने पर कोई कुछ नहीं कहता था। मस्ती ही हमारा .................... था इसीलिए बचपन का हर पल प्यारा होता है।

## 7.(आ) उचित शब्दों से खाली जगहों को भरिए।

बड़े होने के बाद सभी को बचपन की बहुत याद आती है। बचपन में बारिश के ....................में हम खूब मस्ती करते थे। अधिक भीगने पर मैं .................... भी पड़ जाता था। माँ मुझे कड़वी-कड़वी .................... देती थी। उसे पीने पर मैं .................... हो जाता था। छोटे .................... को देखकर मुझे अपने बचपन की याद आती है। वे दिन भी क्या दिन थे !

## 8.(अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद अंग्रेज़ी में कीजिए।

दिवाली खुशियों का त्योहार है। इसे हम धूमधाम से मनाते हैं। हम इस दिन मिट्टी के दीये जलाते हैं। घर को बिजली-बत्तियों से भी सजाते हैं। हम नए कपड़े पहनते हैं,पूजा-पाठ करते हैं और मिठाइयाँ बाँटते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| धूमधाम - pomp | मिट्टी के दीये - clay lamps | बिजली-बत्तियाँ - electric bulbs |

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

## 8.(आ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद हिंदी में कीजिए।

In today's life good manners are very important. They help us to be successful in life. Everyone loves such people. Therefore, we must always practise good manners.

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

| | |
|---|---|
| good manners - अच्छी आदतें | successful - सफल |
| therefore - अतः | practise - अभ्यास करना |

## 9. पढ़िए और समझिए ।

| वाक्य | नकारात्मक वाक्य |
|---|---|
| वह घर आया । | वह घर नहीं आया। |
| मुझे पढ़ना है। | मुझे नहीं पढ़ना है। |
| मैं उसे पसंद करता हूँ। | मैं उसे पसंद नहीं करता हूँ। |
| कोमल अच्छी गायिका है। | कोमल अच्छी गायिका नहीं है। |
| बीमार होते हुए भी वह परीक्षा दे सका। | बीमारी के कारण वह परीक्षा नहीं दे सका। |

## 10. संप्रेषण-कौशल

(क) अपने किसी मनपसंद सुपर हीरो के बारे में कक्षा में सुनाइए।






(ख) **यदि मेरे पास एक रोबोट होता तो** .................. । इस वाक्य का प्रयोग करते हुए, निम्न बिंदुओं के आधार पर 150 शब्दों का एक निबंध लिखिए।

- दोस्ती के लिए
- साथ घूमने के लिए
- स्कूल के कार्य में मदद के लिए
- घरेलू काम-काज के लिए
- आदेश का पालन करवाने के लिए

# 9. संगीत का जादू

**शिक्षण-संकेत**

बहुविकल्पी प्रश्न, सही शब्दों की पहचान, कारक, विभक्ति, ई-मेल विशेषण, क्लोज़ टेस्ट, अनुवाद-कार्य और संप्रेषण-कौशल।

**मूल्य-बोध**

संगीत-प्रेम, स्वस्थ मनोरंजन, समय का सदुपयोग, सांस्कृतिक परंपरा, प्रकृति-प्रेम, अनेकता में एकता का बोध।



हमारे जीवन में संगीत का महत्वपूर्ण स्थान है। संगीत की धुन सुनते ही हमारा मन खुशी से झूम उठता है। हम गुनगुनाने लगते हैं। गुनगुनाने से हृदय को शांति मिलती है। इसके द्वारा बीमार लोगों का इलाज भी होता है।

संगीत का जादू केवल मनुष्य पर ही नहीं पूरे जगत पर देखा जा सकता है। संगीत के रूप में भजन, हिंदी फ़िल्मी गाने, लोकसंगीत सुनना कौन पसंद नहीं करता ? लोकगीतों के बिना हमारे पर्व, जन्म और विवाह अधूरे हैं। हमारे देश का 'सेगा' एवं भोजपुरी लोकगीत विश्व के कई देशों में पसंद किए जाते हैं।

संगीत से देशवासियों में एकता बनी रहती है। इससे विश्व में देश को पहचान भी मिलती है। संगीत की इन्हीं विशेषताओं के कारण संसार के अधिकतर देशों में 21 जून को संगीत दिवस मनाया जाता है।

## 1.(अ) सही उत्तर चुनिए।

(क) मनुष्य के जीवन में किसका बड़ा महत्व है ?

(i) बीमारी (ii) निराशा (iii) संगीत (iv) जादू

(ख) संगीत से हमें क्या मिलता है ?

(i) थकान (ii) शांति (iii) क्रोध (iv) दुख

(ग) संगीत से बीमार आदमी का क्या किया जा सकता है ?

(i) जादू (ii)अपमान (iii) इलाज (iv) सम्मान

(घ) मॉरीशस के कौन-से संगीत विश्व में लोकप्रिय हैं ?

(i) भजन (ii) कव्वाली

(iii) सेगा और भोजपुरी लोकगीत (iv) गीत

(ङ) संगीत दिवस कब मनाया जाता है ?

(i) 1 फरवरी (ii) 2 नवंबर (iii) 21 जून (iv) 25 सितंबर

## 1.(आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखिए।

(क) हमारे मन पर संगीत के दो प्रभाव बताइए।

(ख) आप किस तरह का संगीत सुनना पसंद करते हैं ?

(ग) हमारे घरों में किन अवसरों पर विशेष लोकगीत गाया जाता है ?

(घ) मॉरीशस का कौन-सा लोकगीत आपको सबसे अधिक पसंद है ?

(ङ) संगीत देश के लिए किस रूप में लाभदायक है ?

## 2. निर्देशानुसार उचित विकल्प पर ☑ लगाइए।

(क) जो खाने योग्य हो।

☐ शुद्ध ☐ स्वच्छ ☐ खाद्य ☐ पेय

(ख) 'अबोध' में उपसर्ग बताइए।

☐ अ ☐ अब ☐ आ ☐ अव

(ग) विस्मयादिबोधक शब्द बताइए।

☐ तुम ☐ जब ☐ अरे ☐ जाओ

(घ) ' लोग उन्हें पसंद करते हैं'- इस वाक्य में सर्वनाम बताइए।

☐ पसंद ☐ उन्हें ☐ लोग ☐ हैं

(ङ) 'वर्ष'शब्द का पर्यायवाची बताइए।

☐ दिन ☐ महीना ☐ साल ☐ सप्ताह

## 3. उचित शब्द चुनकर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(क) संगीत के बिना जीवन .................. लगता है। (रस, सरस, नीरस, खटास)

(ख) संगीत के जादू से रोगी भी .................. हो जाता है। (बीमार, नाराज़, स्वस्थ, दुखी)

(ग) संगीत से देश में .................. बढ़ती है। (एकता, लड़ाई, क्रोध, भेदभाव)

(घ) दुख और सुख की .................. में संगीत ही काम आता है। (छड़ी, घड़ी, कड़ी, जड़ी)

(ङ) संगीत सबके लिए ................. है। (लाभदायक,हानिकारक, बेकार, दुखदायक )

## 4. कोष्ठक से चुनकर प्रत्येक शब्द-समूह के लिए एक शब्द लिखिए।

( गीतकार, जादूगर, गायक, दर्शक, अभिनेता,
लेखक, नर्तक, श्रोता, कवि, शिक्षक )

(क) जो गाता है - ...................................

(ख) जो लिखता है - ...................................

(ग) जो नाचता है - ...................................

(घ) जो जादू करता है - ...................................

(ङ) देखने वाला - ...................................

(च) सुनने वाला - ...................................

(छ) जो अभिनय करता है - ...................................

(ज) जो गीत लिखता है - ...................................

(झ) जो कविता लिखता है - ...................................

(ञ) शिक्षा देने वाला - ...................................

## 5. उचित शब्द चुनकर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(क) संगीत की ...................... सबको होती है।

☐ चाहना ☐ चाह ☐ चहक ☐ चाहे

(ख) हर कोई संगीत से ...................... होता है।

☐ प्रभाव ☐ प्रभावशाली ☐ प्रभावित ☐ अप्रभावित

(ग) संगीत से देश में ...................... की भावना बढ़ती है।

☐ एक ☐ एकता ☐ अनेकता ☐ एकत्र

(घ) मैं ...................... से ही संगीत सुनना पसंद करता हूँ।

☐ बच्चा ☐ बचपना ☐ बचपन ☐ बच्चे

(ङ) मधुर संगीत सुनकर मन को ...................... मिलती है।

☐ शांत ☐ अशांत ☐ अशांति ☐ शांति

(च) कुछ लोग ...................... करते समय संगीत सुनना पसंद करते हैं।

☐ पढ़ना ☐ पाठक ☐ पढ़ाई ☐ पढ़ते

## 6. सही विभक्ति को घेरिए।

(क) तुम्हारी सहेली ............. नाम क्या है ?

(i) का (ii) की (iii) के (iv) को

(ख) सभी छात्रों ........... पुस्तक नई है।

(i) का (ii) की (iii) के (iv) को

(ग) बीच रास्ते ............ चलना मना है।

(i) के (ii) की (iii) पर (iv) से

(घ) पेड़ ............. फल गिरा।

(i) में (ii) से (iii) के (iv) की

(ङ) पूरे देश .............. दीपावली मनाई जाती है।

(i) से (ii) में (iii) पर (iv) की

## 7.(अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद अंग्रेज़ी में कीजिए।

हमारे गाँव में एक धोबी है। उसके पास एक गधा है। धोबी उसे ठीक से खाना नहीं देता है। लेकिन उससे खूब काम करवाता है। गधा बहुत कमज़ोर हो गया है।

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

गाँव- village    धोबी- washerman    गधा- donkey    कमज़ोर - weak

## 7.(आ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद हिंदी में कीजिए।

One day a thief entered into the house. The washerman was sleeping. The donkey saw the thief. The donkey started to bray. The washerman woke up and the thief ran away.

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

thief - चोर    entered - घुसा    to bray - रेंकना    woke up - जाग गया

## 8. नीचे दिए गए ई-मेल को ध्यान से पढ़िए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्यारे धीर,
नमस्ते।

हमारे विद्यालय में संगीत-दिवस का आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर तुम्हें आमंत्रित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

सोमवार 21 जून को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक स्कूल के हॉल में गीत-संगीत का कार्यक्रम रखा गया है। छात्र गीत तथा नृत्य द्वारा सबका मनोरंजन करेंगे। कैंटीन में खान-पान का भी प्रबंध है।

आशा है कि तुम अवश्य आओगे।

तुम्हारा प्रिय मित्र
अंश

(क) किसने किसको ई-मेल भेजा ?

(ख) किस अवसर पर कार्यक्रम रखा गया है ?

(ग) संगीत दिवस कब मनाया जाएगा ?

(घ) यह कार्यक्रम कहाँ पर होगा ?

(ङ) कार्यक्रम कितने बजे समाप्त होगा ?

(च) छात्र किस तरह सबका मनोरंजन करेंगे ?

## 9. उचित कारक चिह्नों से खाली जगहों को भरिए।

हर कोई संगीत सुनना पसंद करता है। संगीत ........... प्रेम करने वाला अपने जीवन ........... खुश रहता है। दुख ........... घड़ी में भी चेहरे ........... मुस्कान रहती है। संगीतकार अपनी कला ........... जादू से हमें मोहित कर लेता है। आजकल हम अपने मोबाइल पर भी मनपंसद संगीत ........... आनंद ले सकते हैं।

## 10. पढ़िए तथा समझिए।

** **विशेषण** **

**उदाहरण : आधी** रात बीत चुकी थी।

इस वाक्य में **'आधी'** शब्द रात की विशेषता बता रहा है। अत: **'आधी'** शब्द विशेषण है।

(क) **हरी** सब्ज़ियाँ खानी चाहिए।

(ख) **गंदे** हाथों से अपना चेहरा नहीं छूना चाहिए।

(ग) कोरोना से लड़ने के लिए हमारी जनता ने **बहुत** मेहनत की है।

(घ) दुकान के सामने **लंबी** कतार लगी हुई है।

(ङ) **पूरी** दुनिया में कोरोना फैल गया है।

(च) कोरोना **पूरे** विश्व में तबाही मचा रहा है।

(छ) आप अपने हाथ **कितने** बार धोते हैं ?

(ज) समय-समय पर **गरम** पानी पीते रहना चाहिए।

## 11. संप्रेषण-कौशल

(ख) आप अपने विद्यालय में संगीत-दिवस कैसे मनाते हैं ? निम्न बिंदुओ को ध्यान में रखते हुए, इस विषय पर **150** शब्दों का एक निबंध लिखिए।

- 21 जून को संगीत-दिवस का आयोजन
- आनंद और खुशी का दिन
- बड़े धूम-धाम से मनाना
- हॉल की सजावट करना
- संगीतमय वातावरण छाना
- छात्र और अध्यापक का भाग लेना
- गीत-नृत्य प्रस्तुत करना
- कुछ बाल कलाकारों द्वारा मंच पर संगीत-धुन प्रस्तुत करना
- संगीत की धुन पर सभी का नाचना-गाना
- सबका मनोरंजन होना

(ख) आप अपना कोई मनपसंद गीत कक्षा में सुनाइए।

# 10. सपना सच हुआ

**शिक्षण-संकेत**

बहुविकल्पी प्रश्न, सही शब्दों की पहचान, अशुद्ध से शुद्ध वाक्य, क्रिया-विशेषण, क्लोज़ टेस्ट, अनुवाद-कार्य और संप्रेषण-कौशल।

**मूल्य-बोध**

परिश्रम, दृढ़ निश्चय, सद्भावना, वैज्ञानिकता के द्वारा मानव की आवश्यकताओं एवं देश के विकास के प्रति कटिबद्धता।




मेट्रो में सवार सभी यात्री बहुत खुश हैं। ये यात्री रोज़हिल मेट्रो स्टेशन से चढ़े हैं। चौदह वर्षीय यश और उसकी दीदी श्वेता के लिए यह विशेष दिन है। आज उनका सपना पूरा हो रहा है। वे दोनों मेट्रो से पोर्ट-लुई जा रहे हैं। साठ वर्ष से ऊपर के नागरिकों तथा छात्रों को मेट्रो में यात्रा के लिए किराया नहीं चुकाना पड़ता है।

मेट्रो प्लेटफ़ॉर्म पूरी तरह डिजिटलाइज़्ड है। यश यह सब देखकर बहुत प्रसन्न होता है। श्वेता कहती है-"मॉरीशस हिंद महासागर का वह पहला टापू है जहाँ मेट्रो की सुविधा उपलब्ध है।" यश उत्तर देता है - "दीदी आपकी बातें सुनकर मुझे कॉलिन पॉवेल के शब्द याद आ रहे हैं। सपने जादू-टोने या मंत्र से साकार नहीं होते, उसके लिए दृढ़ इच्छा-शक्ति तथा कठोर परिश्रम की आवश्यकता होती है।"

सचमुच अब ट्रैफ़िक जाम की समस्या कुछ कम होगी। लोग जल्दी अपने कार्य-स्थल पर पहुँच पाएँगे। अब बड़े-बूढ़ों के लिए पोर्ट-लुई तक का सफ़र आसान हो जाएगा। अचानक यश खुशी से उछल पड़ा - ' हम इतनी जल्दी पोर्ट-लुई पहुँच गए !'

## 1. (अ) सही उत्तर चुनिए।

(क) आज का दिन किसके लिए विशेष है ?

(i) यश (ii) दीदी श्वेता (iii) बूढ़े लोग (iv) यश तथा उसकी दीदी श्वेता

(ख) यात्री किस स्टेशन से मेट्रो पर चढ़े हैं ?

(i) वाक्वा (ii) क्यूर्पिप (iii) रोज़हिल (iv) मोका

(ग) यश और श्वेता कहाँ जा रहे हैं ?

(i) पोर्ट-लुई (ii) बो बासें (iii) रोज़हिल (iv) क्यूर्पिप

(घ) यश की आयु बताइए ?

(i) दस वर्ष (ii) ग्यारह वर्ष (iii) तेरह वर्ष (iv) चौदह वर्ष

(ङ) हिंद महासागर के किस टापू पर सबसे पहले मेट्रो शुरू हुई ?

(i) रेन्यन (ii) मॉरीशस (iii) सेशल्स (iv) माडागास्कर

## 1.(आ) इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखिए।

(क) किनका सपना पूरा हो गया ?

(ख) मेट्रो स्टेशन कैसा है ?

(ग) कॉलिन पॉवेल ने क्या कहा है ?

(घ) मॉरीशस के लिए मेट्रो कैसे लाभदायक है ?

(ङ) निजी गाड़ी में जानेवालों को मेट्रो में यात्रा करने के लिए कैसे प्रेरित किया जा सकता है ?

## 2. निर्देशानुसार सही विकल्प पर ☑ लगाइए।

(क) जहाँ मेट्रो यात्री उतरते तथा चढ़ते हैं।

☐ स्टॉप ☐ स्टेशन ☐ अड्डा ☐ पार्किंग

(ख) 'साकार' का विलोम शब्द बताइए।

☐ निराकार ☐ अहंकार ☐ स्वीकार ☐ उपहार

(ग) 'ट्रैफ़िक' किस भाषा का शब्द है ?

☐ हिंदी ☐ उर्दू ☐ अंग्रेज़ी ☐ जर्मन

(घ) किस वाक्य में मुहावरे का सही प्रयोग नहीं हुआ।

☐ मैंने रात दिन एक करके यह कार्य पूरा किया।

☐ मज़दूरों ने रातों दिन एक करके अस्पताल की इमारत पूरी की।

☐ पिताजी ने रात दिन एक करके यह घर बनाया।

☐ लेखक ने रात दिन एक करके इस पुस्तक को पूरा किया।

(ङ) 'सपना पूरा होना' मुहावरे का अर्थ है।

☐ सपने में कार्य करना ☐ रात को कार्य करना

☐ जो सोचा वह कार्य पूरा होना ☐ सपने देखना

(च) क्रिया-विशेषण शब्द बताइए।

☐ आगे-आगे ☐ सुसज्जित

☐ स्वच्छ ☐ सुंदर

(छ) 'कल हम सब मेट्रो ट्रेन में जाएँगे।' इस वाक्य में क्रिया का काल बताइए।

☐ भूतकाल ☐ वर्तमान काल ☐ भविष्यत काल ☐ अपूर्ण वर्तमान काल

(ज) पुल्लिंग शब्द बताइए।

☐ टापू ☐ हिंदी ☐ दीदी ☐ सूचना

(झ) किस शब्द में 'ईय' प्रत्यय नहीं है ?

☐ सराहनीय ☐ महँगाई ☐ आदरणीय ☐ भारतीय

(ञ) संबंधबोधक शब्द बताइए।

☐ राम ☐ और ☐ तथापि ☐ यदि

## 3. निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द को पहचानकर लिखिए।

**उदाहरण :** लिखीए, लीखिए, लिखिये, लिखिए - **लिखिए**

(क) लिजिए , लिजए , लीजिए , लिजिये - ...................

(ख) कठिनाईयाँ, कठिनायीयाँ, कठिनाइयाँ, कठीनाइयाँ - ...................

(ग) पुज्य, पुजय, पूज्यनीय, पूजनीय - ...................

(घ) दुसरा, दूसरा, दोसरा, दुषर - ...................

(ङ) भाषाए, भाषाऐं, भाषाएँ, भाषाओं - ...................

## 4. इन अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए।

(क) मैंने घूमने जाना है। ............................................................ ।

(ख) क्या आप भोजन किया ? ............................................................ ।

(ग) नानीजी खाना खाती है। ............................................................ ।

(घ) आज यश बहुत प्रसन्नता है। ............................................................ ।

(ङ) स्टेशन में मेट्रो खड़ी है। ............................................................ ।

## 5. क्रिया-विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए।

**उदाहरण :** काला घोड़ा **तेज़** दौड़ता है।

(क) चूहा कुतरकर खाता है।

(ख) पानी टिपटिप गिर रहा है।

(ग) सैर के समय जल्दी-जल्दी चलना चाहिए।

(घ) नानीजी धीरे-धीरे चलती हैं ।

(ङ) लड़की ऊपर से गिरी।

(च) उसने अपने मित्र को ज़ोर से मारा।

## 6. दिए गए शब्दों से खाली जगहों को भरिए।

पूर्वजों | देश | चीनी | संग्रहालय | पसंद | उत्तरी

मेरी मौसी मॉरीशस आई है। उसे मॉरीशस .................... बहुत .................... है। वह इसे अपने .................... का देश कहती है। इस बार वह ईख से .................... तक की यात्रा को समझना चाहती है। वह देश के .................... इलाके में स्थित .................... देखने जाएगी। मैं भी उनके साथ जाऊँगी।

## 7. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मेरी मौसी इंग्लैंड से मॉरीशस आई है। वह किसी ऐतिहासिक जगह की सैर करना चाहती है। मैं उसे 'लावाँचुअर जु सुक्र' संग्रहालय में ले जाऊँगी। यह पाम्पलेमूस ज़िले में स्थित है। यह पहले बो प्लां शक्कर कारखाने के रूप में जाना जाता था। अब यह पर्यटकों का प्रिय स्थान है। यहाँ अनेक गतिविधियों का भी आयोजन होता है।

(क) मौसी कहाँ रहती है ?

(ख) मौसी किस जगह की सैर करना चाहती है ?

(ग) संग्रहालय का क्या नाम है ?

(घ) संग्रहालय किस ज़िले में स्थित है ?

(ङ) यह संग्रहालय पहले किस नाम से जाना जाता था ?

## 8.(अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद अंग्रेज़ी में कीजिए।

मेट्रो मेरे देश की शान है। छात्रों के लिए मेट्रो में यात्रा मुफ़्त है। हम जल्दी तथा आराम से स्कूल पहुँच जाते हैं। सभी लोग मेट्रो से जाना पसंद करते हैं। मेट्रो यातायात का आधुनिक साधन है।

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

शान - pride  मुफ़्त - free  आराम से - easily  यातायात - transport  साधन - means

## 8.(आ) निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद हिंदी में कीजिए।

There are four types of transport: road transport, rail transport, air transport and water transport. Cars, buses, trains, metro, ships, airplanes are all means of transport. They help us to move from one place to another. Today, we can travel to any part of the world and discover beautiful places.

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

Types - प्रकार  transport - परिवहन  air - वायु  ship - जहाज़  Travel - यात्रा
to discover - पता लगाना  beautiful - सुंदर

## 9. संप्रेषण-कौशल

(क) बस और मेट्रो के संवाद को पूरा कीजिए।

**बस** : मेट्रो ! तुम्हारा तो खूब स्वागत हो रहा है।

**मेट्रो** : हाँ, मॉरीशस के लिए मैं एक नई सेवा हूँ।

**बस** : मैं तो वर्षों से देश की सेवा कर रही हूँ।

**मेट्रो** : मेरे आ जाने से तुम्हारा भार कुछ कम हो जाएगा।

**बस** : हाँ, सुबह काम के वक्त रास्तों पर ट्रैफ़िक जाम भी कम होगा।

**मेट्रो** : ............................................................

**बस** : ............................................................

**मेट्रो** : ............................................................

(ख) इन चित्रों को देखते हुए यातायात के साधनों पर कक्षा में बातचीत कीजिए -



# NCE परीक्षा हेतु
# मॉडल प्रश्न पत्र - 3

Question 1

## सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए।

1. नए साल के अवसर पर लोग अपने घर .............. सफ़ाई करते हैं।

क. का  ख. की  ग. के  घ. को

2. .............. घर के सामने एक बगीचा है।

क. मेरा  ख. मेरी  ग. मेरे  घ. हमारा

3. केशव ने बहुत इमलियाँ .......................... हैं।

क. खरीदा  ख. खरीदे  ग. खरीदी  घ. खरीदीं

4. पिताजी ने बगीचे से कच्चे आम ...............।

क. तोड़ा  ख. तोड़े  ग. तोड़ी  घ. तोड़ीं

5. जब वर्षा होगी ................ हरियाली छा जाएगी।

क. तब  ख. इसलिए  ग. लेकिन  घ. क्योंकि

6. मैं अपनी सहेलियों के ................. हिंदी फ़िल्म देखने जाऊँगी।

क. सात  ख. साथ  ग. साठ  घ. साल

7. इस वाक्य में आए क्रिया विशेषण को खाली जगह में लिखिए।

कक्षा में नीरव अपने अध्यापक को ध्यानपूर्वक सुनता है। .......................

8. उचित मुहावरा लिखिए।

विदेश से लौटने के बाद, खुशी ................................ हो गई है।

क. चाँद  ख. चाँद सा मुखड़ा

ग. ईद का चाँद  घ. चार दिन की चाँदनी

9. शब्द-समूह के लिए एक शब्द लिखिए।

दूसरों का उपकार करने वाला .......................

क. उपकारी    ख. उपकारक    ग. परोपकार    घ. परोपकारी

10. वाक्य में उचित विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए : ( । / ? / ; / !)

हे राम ☐ आप अभी तक यहीं हैं ?

11. भारत के दक्षिण में ....................... हिंद महासागर है।

क. कमजोर    ख. विशाल    ग. मोटा    घ.छोटा

12. किशन ....................... लड़कों के साथ रहता है।

क. पहला    ख. यह    ग. अच्छे    घ. छोटा

13. ..................... ! कितना सुंदर नज़ारा है ?

क. अरे    ख.हाय    ग. छी    घ. अहा

14. यश ..................... पुस्तक खरीदी।

क. के    ख. ने    ग. से    घ. के लिए

15. ..................... लड़के खेल रहे हैं ।

क. कुछ    ख. कौन-सी    ग. कोई    घ. थोड़ा

Question 2

## सही शब्द चुनकर वाक्य को पूरा कीजिए।

1. आज .............. बहुत थका हूँ ।

(i) हम (ii) तुम (iii) मैं (iv) वह

2. इस .............. में अनेक कमल खिले हैं।

(i) मिट्टी (ii) तालाब (iii) नदी (iv) समुद्र

3. गीता एक प्रसिद्ध ........................... है।

(i) पुस्तक (ii) ग्रंथ (iii) किताब (iv) पांडुलिपि

४. सेठ जी की ...............से उसे काम मिल गया है।

(i) दया (ii) उदारता (iii) कृपा (iv) करुणा

५. चोरी करना ................ है ।

(i) अन्याय (ii) अपराध (iii) धर्म (iv) पुण्य

६. हे बालिकाओं ! ................. से मत खेलो।

(i) गुड़िया (ii) गुड़ियों (iii) गुड़ियाँ (iv) गुड़ियाओं

७. **क्रिया विशेषण** को खाली जगह में लिखिए :

वह सदा गाता रहता है। ......................

Question 3

## (अ) ध्यान से आमंत्रण पत्र पढ़िए और सही उत्तर लिखिए।

**कला एवं सांस्कृतिक विरासत मंत्रालय**

के सहयोग से

**भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन**

रविवार 5 दिसंबर 2021 को

दोपहर के दो बजे

सावान सामुदायिक केंद्र

**भोजपुरी गीत - गवाय**

का आयोजन कर रहा है।

भोजपुरी लोक-गीतों का आनंद लेने के लिए

अपने मित्रों तथा परिवार के साथ अवश्य पधारें।

**उदाहरण :** आयोजन करनेवाले का नाम : **भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन**

1. मंत्रालय का नाम : ..........................................................
2. कार्यक्रम की तिथि : ..........................................................
3. कार्यक्रम का समय : ..........................................................
4. कार्यक्रम का स्थान : ..........................................................
5. किस चीज का आयोजन हो रहा है ? : ..........................................
6. किसके साथ आना चाहिए ? : ..................................................

Question 3

## (आ) निम्नलिखित संदेश को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**॥ ओ३म् ॥**

श्रीमती राधा चंद्र एवं श्री देव चंद्र

अपनी पुत्री

**जीया**

**के नामकरण संस्कार विधि**

हेतु आपको अपने निवास स्थान

गुलमोहर गली, फ़्लाक में सादर आमंत्रित करते हैं।

**॥ कार्यक्रम ॥**

रविवार, 20 दिसंबर 2020

यज्ञ : प्रातः 10 बजे

संदेश एवं प्रार्थना : प्रातः 11 बजे

प्रीतिभोज : 12 बजे

स्वागतकर्ता :-

वंदना एवं विहान

1. जीया के माता-पिता के नाम बताइए।

.............................................................................................

2. किस संस्कार के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया है ?

.....................................................................................

3. संस्कार विधि कहाँ पर होगी ?

.....................................................................................

4. किस समय यज्ञ होगा ?

.....................................................................................

5. स्वागतकर्ता कौन हैं ?

.....................................................................................

Question 4

**कोष्ठक में दिए गए शब्दों से नए शब्द बनाकर खाली जगहों को पूरा कीजिए।**

1. परी तालाब एक ............. जगह है। (धर्म)
2. हमें ............. गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। (समाज)
3. स्कूल का ............. उत्सव धूमधाम से मनाया गया। (वर्ष)
4. अगले सप्ताह हमारे गाँव में एक ............. कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। (संस्कृति)
5. पिताजी ने मेरे लिए एक ............. पुस्तक खरीदी है। (इतिहास)

Question 5

## (अ) दिए गए शब्दों से खाली जगहों को भरिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा | तेज़ | बचपन | दोस्ती | नाम | तारा |

शैवी और यजना एक ही गाँव में रहती थीं। वे दोनों **बचपन** से एक-दूसरे को जानती थीं। उनकी .................... पूर्व प्राथमिक स्कूल ही से शुरु हो गई थी। प्राथमिक स्कूल में भी वे दोनों एक ही .................... में पढ़ती थीं और साथ-साथ ही बैठती थीं। उनके अच्छे स्वभाव और उनकी अच्छी आदतों के कारण, वे सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं की आँख का .................... बन गईं। पढ़ाई के साथ-साथ वे केल-कूद में भी बहुत .................... थीं। शैक्षिक प्रतियोगिताओं में भी शैवी और यजना का .................. पहले आता था। इसी प्रकार वे खूब मेहनत करती थीं और अपने माता-पिता का नाम रोशन करती थीं।

## (आ) उचित शब्द से खाली जगहों को भरिए।

हेमंत अपने पिताजी के साथ खेत में काम करना पसंद करता है। उनका खेत बहुत .............. है और हमेशा हरा-भरा रहता है। खेत में अनेक प्रकार की .................... हैं जैसे कि टमाटर, गोभी, गाजर, आलू आदि। इन्हें बेचकर पिताजी को काफ़ी ................ मिल जाते हैं। पूरे परिवार का गुज़ारा अच्छी .................. से हो जाता है। हेमंत के पिताजी कहते हैं कि .................. का फल मीठा होता है। जीवन में कभी भी आलस्य नहीं करना चाहिए।

Question 6

**अवनीश की साइकिल चोरी हो गई। वह थाने में रिपोर्ट लिखवाने गया। अवनीश और पुलिस के बीच के संवाद को पूरा कीजिए।**

अवनीश : सर, सवेरे मैं दुकान गया था। जब वापस आया तब देखा कि मेरी साइकल गायब है।

पुलिस : ..........................................................................

अवनीश : नहीं मैं अकेला ही था।

पुलिस : ..........................................................................

अवनीश : मेरी साइकिल नई है और नीले रंग की है।

पुलिस : ..........................................................................

अवनीश : जी मैं अपनी साइकिल का चित्र लाया हूँ।

पुलिस : ..........................................................................

अवनीश : मेरा पता , महात्मा गाँधी रोड, लालमाटी है।

पुलिस : ..........................................................................

अवनीश : यह साइकिल मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि पिताजी ने मुझे भेंट किया था।

पुलिस : ..........................................................................

अवनीश : आशा करता हूँ , आप जल्दी ही मेरी साइकिल ढूँढ़ निकालेंगे। धन्यवाद।

Question 7

## इस पाठ को ध्यान से पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

महात्मा गाँधी को भारत का 'राष्ट्रपिता' माना जाता है। इनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गाँधी था। इनका जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक **स्थान** पर हुआ था। इनके पिता का नाम करमचंद था और माता का नाम पुतलीबाई था।

मोहनदास की माताजी पुतलीबाई अत्यधिक धार्मिक थीं। उनका पूरा समय घर और मंदिर में बँटा हुआ था। वे नियमित रूप से **उपवास** रखती थीं। परिवार में किसी के बीमार पड़ने पर उसकी सेवा में दिन-रात एक कर देती थीं। मोहनदास को बीमार पिता की सेवा करना, घरेलू कामों में माँ का हाथ बँटाना और समय मिलने पर दूर तक अकेले **सैर** पर निकलना पसंद था।

मोहनदास की युवावस्था उनकी आयु-वर्ग के अधिकांश बच्चों से अलग थी। किसी प्रकार की नादानी के बाद वे स्वयं वादा करते थे कि "फिर कभी ऐसा नहीं करूँगा" और अपने वादे पर अटल रहते थे। उन्में आत्मसुधार की लौ जलती रहती थी, जिसके कारण उन्होंने सच्चाई और बलिदान के प्रतीक प्रह्लाद और सत्यवादी हरिश्चंद्र को अपना आदर्श माना।

'बंबई यूनिवर्सिटी' से मैट्रिक की परीक्षा में **सफल** होने के बाद मोहनदास 'सामलदास कॉलेज' गए। अपने परिवार के कहने पर, वे बैरिस्टर बनने के लिए इंग्लैंड गए। बैरिस्टर बनने के बाद वे सितंबर 1906 में दक्षिण अफ्रीका पहुँचे, जहाँ पर भारतीय जनता की अपमानजनक स्थिति थी। यहीं से 'सत्याग्रह' का जन्म हुआ जो बिना हिंसा किए, उससे लड़ने की नई तकनीक थी।

सन् 1914 में गाँधीजी भारत लौट आए। देशवासियों ने उनका **भव्य** स्वागत किया और उन्हें 'महात्मा' पुकारना शुरु कर दिया।

## प्रश्न:

1. महात्मा गाँधी को भारत का क्या माना जाता है ?

..........................................................................................

2. महात्मा गाँधी का जन्म कब हुआ था ?

..........................................................................................

3. पुतलीबाई का समय किस प्रकार बँटा हुआ था ?

..........................................................................................

4. 'दिन-रात एक करना' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

..........................................................................................

5. मोहनदास को क्या पसंद था ?

..........................................................................................

6. मोहनदास की युवावस्था उनकी आयु-वर्ग के अधिकांश बच्चों से किस प्रकार अलग थी ?

..........................................................................................

7. किन लोगों को मोहनदास ने अपना आदर्श माना ?

..........................................................................................

8. दक्षिण अफ्रीका में किसकी अपमानजनक स्थिति थी ?

..........................................................................................

9. 'सत्याग्रह' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

..........................................................................................

Question 8

## (अ) दिए गए शब्दों का अनुवाद हिंदी में कीजिए।

i. Sunday - ..........................................

ii. Basket - ..........................................

iii. Distribution - ..........................................

iv. Popular - ..........................................

v. Challenge - ..........................................

## (आ) अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद कीजिए।

i. My grandmother is quite old.

..........................................................................

ii. She does not like to live in town.

..........................................................................

iii. She lives alone in her small house in the village.

..........................................................................

iv. In her free time, she watches Hindi movies.

..........................................................................

Question 9

## निम्न विषयों में से किसी एक पर 150 शब्दों का पत्र या निबंध लिखिए।

आपके विद्यालय में संगीत दिवस मनाया गया। इस विषय पर अपने मित्र / सहेली को एक पत्र लिखिए।

अथवा

आँखों-देखी एक सड़क-दुर्घटना का विवरण अपने शब्दों में कीजिए।

## मानक वर्तनी के पुराने तथा नए रूप के कुछ उदाहरण:-

| पुराना रूप | नया रूप | पुराना रूप | नया रूप |
|---|---|---|---|
| अन्तर | अंतर | चिह्न | चिह्‌न |
| अन्तरिक्ष | अंतरिक्ष | छः | छह |
| अशान्ति | अशांति | तुरन्त | तुरंत |
| आनन्द | आनंद | द्वारा | द्‌वारा |
| आत्मसन्तोष | आत्मसंतोष | दिसम्बर | दिसंबर |
| आरम्भ | आरंभ | दुःख (तत्सम रूप) | दुख (तद्‌भव रूप) |
| इन्सान | इंसान | नष्ट | नष्ट |
| इन्टरनेट | इंटरनेट | निरन्तर | निरंतर |
| ईश्वर | ईश्वर | निश्चय | निश्चय |
| उत्तर | उत्तर (तत्सम रूप) | ठण्ड | ठंड |
| उद्योग | उद्‌योग | पण्डाल | पंडाल |
| उद्देश्य | उद्‌देश्य | परन्तु | परंतु |
| कम्पनी | कंपनी | पश्चात् | पश्चात |
| किन्तु | किंतु | पसन्द | पसंद |
| केन्द्र | केंद्र | पण्डित | पंडित |
| ग्रन्थ | ग्रंथ | प्रश्न | प्रश्न |
| घण्टी | घंटी | प्रसिद्ध | प्रसिद्‌ध |
| घटनायें | घटनाएँ | विद्यार्थी | विद्‌यार्थी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| पारम्परिक | पारंपरिक | विरुद्ध | विरुद्‌ध |
| पुल्लिंग | कोई नया मानक रूप नहीं है | विश्व | विश्‍व |
| बन्धन | बंधन | शक्ति | शक्‍ति |
| बिन्दु | बिंदु | शान्त | शांत |
| भक्ति | भक्‍ति | शुद्ध | शुद्‌ध |
| मन्त्र | मंत्र | श्रेष्ठ | श्रेष्‍ठ |
| मनोरञ्जन | मनोरंजन | सन्त | संत |
| महत्त्व | महत्त्व (तत्सम रूप) महत्व (तद्‌भव रूप) | सम्बन्ध | संबंध |
| मिट्टी | मिट्‌टी | सम्पन्न | संपन्न |
| मुक्त | मुक्‍त | सम्पूर्ण | संपूर्ण |
| रक्त | रक्‍त | सिद्धांत | सिद्‌धांत |
| विद्या | विद्‌या | हिन्दी | हिंदी |
| विद्वान | विद्‌वान | नियुक्ति | नियुक्‍ति |
| विद्यालय | विद्‌यालय | छात्रवृत्ति | छात्रवृत्‍ति |
| बुद्धिमान | बुद्‌धिमान | कर्त्तव्य | कर्तव्य |
| प्रसिद्धि | प्रसिद्‌धि | बाह्य | बाह्‌य |
| कोष्ठक | कोष्‍ठक | छुट्टी | छुट्‌टी |
| निश्चय | निश्‍चय | विश्वास | विश्‍वास |
| उपयुक्त | उपयुक्‍त | सौन्दर्य | सौंदर्य |
| स्वादिष्ट | स्वादिष्‍ट | | |
| अन्तर्राष्ट्रीय | अंतरराष्ट्रीय | | |

# हिन्दी के संख्यावाचक शब्द

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | एक | २१ | इक्कीस | ४१ | इकतालीस | ६१ | इकसठ | ८१ | इक्यासी |
| २ | दो | २२ | बाईस | ४२ | बयालीस | ६२ | बासठ | ८२ | बयासी |
| ३ | तीन | २३ | तेईस | ४३ | तैंतालीस | ६३ | तिरसठ | ८३ | तिरासी |
| ४ | चार | २४ | चौबीस | ४४ | चवालीस | ६४ | चौंसठ | ८४ | चौरासी |
| ५ | पाँच | २५ | पच्चीस | ४५ | पैंतालीस | ६५ | पैंसठ | ८५ | पचासी |
| ६ | छह | २६ | छब्बीस | ४६ | छियालीस | ६६ | छियासठ | ८६ | छियासी |
| ७ | सात | २७ | सत्ताईस | ४७ | सैंतालीस | ६७ | सड़सठ | ८७ | सतासी |
| ८ | आठ | २८ | अट्ठाईस | ४८ | अड़तालीस | ६८ | अड़सठ | ८८ | अठासी |
| ९ | नौ | २९ | उन्नतीस | ४९ | उनचास | ६९ | उन्नहत्तर | ८९ | नवासी |
| १० | दस | ३० | तीस | ५० | पचास | ७० | सत्तर | ९० | नब्बे |
| ११ | ग्यारह | ३१ | इकतीस | ५१ | इक्यावन | ७१ | इकहत्तर | ९१ | इक्यानवे |
| १२ | बारह | ३२ | बत्तीस | ५२ | बावन | ७२ | बहत्तर | ९२ | बानवे |
| १३ | तेरह | ३३ | तैंतीस | ५३ | तिरपन | ७३ | तिहत्तर | ९३ | तिरानवे |
| १४ | चौदह | ३४ | चौंतीस | ५४ | चौवन | ७४ | चौहत्तर | ९४ | चौरानवे |
| १५ | पन्द्रह | ३५ | पैंतीस | ५५ | पचपन | ७५ | पचहत्तर | ९५ | पचानवे |
| १६ | सोलह | ३६ | छत्तीस | ५६ | छप्पन | ७६ | छिहत्तर | ९६ | छियानवे |
| १७ | सत्रह | ३७ | सैंतीस | ५७ | सतावन | ७७ | सतहत्तर | ९७ | सतानवे |
| १८ | अठारह | ३८ | अड़तीस | ५८ | अठावन | ७८ | अठहत्तर | ९८ | अठानवे |
| १९ | उन्नीस | ३९ | उनतालीस | ५९ | उनसठ | ७९ | उनासी | ९९ | निन्यानवे |
| २० | बीस | ४० | चालीस | ६० | साठ | ८० | अस्सी | १०० | सौ |

# हिंदी वर्णमाला

## हिंदी स्वर – Hindi Vowels

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अa | आaa ा | इ i ि | ई ee ी | उ u ु | ऊ U ू | ऋ r ृ |
| ए e े | ऐ ai ै | ओ o ो | औ au ौ | अं n ं | अः ah ः | |

## हिंदी व्यंजन – Hindi Consonants

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क ka | ख kha | ग ga | घ gha | ङ Na | | |
| च cha | छ Cha | ज ja | झ jha | ञ nya | | |
| ट Ta | ठ Tha | ड Da | ढ Dha | ण Na | | |
| त ta | थ tha | द da | ध dha | न na | | |
| प pa | फ pha | ब ba | भ bha | म ma | | |
| य ya | र ra | ल la | व va | श sha | ष Sha | स sa |
| ह ha | क्ष ksha | त्र tra | ज्ञ jNa | | | |

# हिंदी की बारहखड़ी

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | | आ | इ | ई | उ | ऊ | ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः |
| क | | का | कि | की | कु | कू | के | कै | को | कौ | कं | कः |
| ख | | खा | खि | खी | खु | खू | खे | खै | खो | खौ | खं | खः |
| ग | | गा | गि | गी | गु | गू | गे | गै | गो | गौ | गं | गः |
| घ | | घा | घि | घी | घु | घू | घे | घै | घो | घौ | घं | घः |
| | | | | | | | | | | | | |
| च | | चा | चि | ची | चु | चू | चे | चै | चो | चौ | चं | चः |
| छ | | छा | छि | छी | छु | छू | छे | छै | छो | छौ | छं | छः |
| ज | | जा | जि | जी | जु | जू | जे | जै | जो | जौ | जं | जः |
| झ | | झा | झि | झी | झु | झू | झे | झै | झो | झौ | झं | झः |
| | | | | | | | | | | | | |
| ट | | टा | टि | टी | टु | टू | टे | टै | टो | टौ | टं | टः |
| ठ | | ठा | ठि | ठी | ठु | ठू | ठे | ठै | ठो | ठौ | ठं | ठः |
| ड | | डा | डि | डी | डु | डू | डे | डै | डो | डौ | डं | डः |
| ढ | | ढा | ढि | ढी | ढु | ढू | ढे | ढै | ढो | ढौ | ढं | ढः |
| | | | | | | | | | | | | |
| त | | ता | ति | ती | तु | तू | ते | तै | तो | तौ | तं | तः |
| थ | | था | थि | थी | थु | थू | थे | थै | थो | थौ | थं | थः |
| द | | दा | दि | दी | दु | दू | दे | दै | दो | दौ | दं | दः |
| ध | | धा | धि | धी | धु | धू | धे | धै | धो | धौ | धं | धः |
| न | | ना | नि | नी | नु | नू | ने | नै | नो | नौ | नं | नः |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **प** | | पा | पि | पी | पु | पू | पे | पै | पो | पौ | पं | पः |
| **फ** | | फा | फि | फी | फु | फू | फे | फै | फो | फौ | फं | फः |
| **ब** | | बा | बि | बी | बु | बू | बे | बै | बो | बौ | बं | बः |
| **भ** | | भा | भि | भी | भु | भू | भे | भै | भो | भौ | भं | भः |
| **म** | | मा | मि | मी | मु | मू | मे | मै | मो | मौ | मं | मः |
| | | | | | | | | | | | | |
| **य** | | या | यि | यी | यु | यू | ये | यै | यो | यौ | यं | यः |
| **र** | | रा | रि | री | रु | रू | रे | रै | रो | रौ | रं | रः |
| **ल** | | ला | लि | ली | लु | लू | ले | लै | लो | लौ | लं | लः |
| **व** | | वा | वि | वी | वु | वू | वे | वै | वो | वौ | वं | वः |
| | | | | | | | | | | | | |
| **श** | | शा | शि | शी | शु | शू | शे | शै | शो | शौ | शं | शः |
| **ष** | | षा | षि | षी | षु | षू | षे | षै | षो | षौ | षं | षः |
| **स** | | सा | सि | सी | सु | सू | से | सै | सो | सौ | सं | सः |
| **ह** | | हा | हि | ही | हु | हू | हे | है | हो | हौ | हं | हः |

## अंग्रेज़ी महीनों के नाम

| | |
|---|---|
| January | जनवरी |
| February | फ़रवरी |
| March | मार्च |
| April | अप्रैल |
| May | मई |
| June | जून |
| July | जुलाई |
| August | अगस्त |
| September | सितंबर |
| October | अक्टूबर |
| November | नवंबर |
| December | दिसंबर |

## हिंदी महीनों के नाम

| | |
|---|---|
| March-April | चैत्र |
| April-May | वैसाख |
| May-June | जेठ (ज्येष्ठ) |
| June-July | आषाढ़ |
| July-August | सावन (श्रावण) |
| August-Sept. | भादो (भाद्रपद) |
| Sept.-Oct. | क्वार (आश्विन) |
| Oct.-Nov. | कार्तिक |
| Nov.-Dec. | अगहन (मार्गशीर्ष) |
| Dec.-Jan. | पूस (पौष) |
| Jan.-Feb. | माघ |
| Feb.-March | फागुन (फाल्गुन) |

## दिनों के नाम

| | |
|---|---|
| Monday | सोमवार |
| Tuesday | मंगलवार |
| Wednesday | बुधवार |
| Thursday | गुरुवार |
| Friday | शुक्रवार |
| Saturday | शनिवार |
| Sunday | रविवार |